राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 41
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 10 जनवरी 2026
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236


मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में पानी जांच के लिए बनी हाईपावर तकनीकी समिति
पेज 4 अयोध्या में नॉनवेज की डिलीवरी पर रोक
पेज 6 शुभमन गिल ने नेट्स में जमकर बहाया पसीना, न्यूजीलैंड के

## संक्षिप्त खबरें

### गुजरात के राजकोट में 12 घंटे में 7 भूकंप आए

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में पिछले 24 घंटे में भूकंप के 7 झटके महसूस किए गए। झटके हल्के थे जिससे किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक इन झटकों की तीव्रता 2.7 से 3.8 के बीच दर्ज की गई। एहतियात के तौर पर आसपास के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का केंद्र उपलेटा से 28 किमी दूर दर्ज किया गया। बार बार आ रहे झटकों से लोगों में बड़ें भूकंप का डर बैठ गया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह 6 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। पहला झटका सुबह 6:19 बजे, दूसरा झटका 6:55 बजे और तीसरा 6:58 पर आया।

### फलस्तीन की मदद के नाम पर महाराष्ट्र में 4 करोड़ रुपये की अवैध वसूली, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के बीड जिले में फलस्तीन के समर्थन के नाम पर करोड़ों रुपये जुटाने के मामले ने गंभीर मोड़ ले लिया है। पुलिस ने आरोप लगाया है कि चार लोगों ने इजरायल-हमास युद्ध का हवाला देकर धोखाधड़ी से चार करोड़ रुपये से अधिक की रकम इकट्ठा की, जिसके पीछे आतंकी फंडिंग की आशंका जताई जा रही है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है ।पुलिस के अनुसार, स्थानीय पुलिस और आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) को संदिग्ध फंडिंग को लेकर विशेष सूचना मिली थी।



### हैप्पी मॉर्निंग

नयी नयी शादी हुई...
पति सुबह अपनी पत्नी पे पानी डाल देता है पत्नी- (नींद में से उठती हुई गुस्से में)...पानी क्यों डाला?
पति- तेरे पिता ने बोला था, दामादजी मेरी बेटी फूल की कली है, उसे मुरझाने मत देना, इसीलिए... तब से पति गायब है...



### शायरी

हिम्मत है तो बुलंद कर आवाज़ का अलम
चुप बैठने से हल नहीं होने का मसला

### अर्थसार



संसेक्स:
83,576.24
-604.72 (0.72%)
निफ्टी:
25,683.30
-193.55

### मौसम



अधिकतम : 16 डिग्री से0
न्यूनतम : 05 डिग्री से0
सूयोदय रविवार : 7 : 24
सूर्यास्त शनिवार : 5 : 33

**विरोध प्रदर्शन**




कोलकाता में कथित तौर पर करोड़ों रुपये के कोयला चोरी घोटाले में धन शोधन की जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय द्वारा राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पीएसी के कार्यालय और उसके निदेशक प्रतीक जैन के घर पर की गई छापेमारी के खिलाफ टीएमसी सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया।

# हिमाचल में खाई में गिरी बस, 14 की मौत : 52 घायल

### सिरमौर में 200 मीटर नीचे लुढ़की

**हरिपुरधार (सिरमौर)।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में शुक्रवार को एक प्राइवेट बस 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। वहीं 52 लोग घायल हुए हैं। इनमें 3 की हालत नाजुक बनी हुई है। गंभीर घायलों को IGMC शिमला रेफर किया गया है।

सिरमौर की डीसी प्रियंका ने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार हादसा बस के स्किड होने से हुआ लग रहा है। 39 सीटर बस में बस में 66 यात्री सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

यह हादसा दोपहर बाद पौने 3 बजे सिरमौर के हरिपुरधार बाजार से करीब 100 मीटर पहले हुआ। बस में कुपवी (शिमला) और हरिपुरधार क्षेत्र (सिरमौर) के लोग सवार थे। हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, प्रियंका गांधी और सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुख जताया।

पीएम ने आर्थिक सहायता (एक्स ग्रेशिया) देने की घोषणा की। हर मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत



कोष से 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

#### बस के परखच्चे उड़े, छत चेसिस से अलग हुई

हादसे के बाद बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस के परखच्चे उड़ गए। बस की छत चेसिस से अलग हो गई। पीछे के दोनों टायर भी बस से निकलकर दूर जाकर गिरे। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

#### एसडीएम बोले- प्रारंभिक जांच में कोहरे से हादसा

संगड़ाह के एसडीएम सुनील कायथ ने बताया कि जिस जगह से बस सड़क से बाहर पलटी है, वहां कोहरा जमा हुआ था। इससे लग रहा है कि बस कोहरे से स्किड हुई हो। मगर अभी पुख्ता तौर पर ऐसा नहीं कहा जा सकता। उन्होंने बताया कि इस हादसे की मजिस्ट्रेट जांच करवाई जाएगी। उसमें हादसे के असल कारणों का पता चल पाएगा।

#### हादसे में इन लोगों की हुई मौत

हादसे में कुल 14 लोगों की मौत हुई। मृतकों में गांव चंजाह की हिमांशी, गांव धौलट की हीमा, गांव पाब की सनम, गांव बाचेर का बाग के बलवीर सिंह, गांव जुड़ू शिलान के विलाम सिंह, गांव चंजाह की प्रमिला देवी, गांव कांडा बाणा के सूरत सिंह, गांव डौंची कोठियाना की सुमन, गांव बोरा के रमेश, गांव नोहरा बोरा के कियान, गांव बोरा की रियांशी, गांव चोरस के मोहन सिंह और पंजाह की प्रियंका शामिल हैं। इसके अलावा एक महिला की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

# मेरे पास शाह के खिलाफ पेन ड्राइव

### मुझे छेड़ोगे तो छोड़ूंगी नहीं, ईडी की रेड के बाद कोलकाता में रैली की

**कोलकाता/नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी के आईटी सेल के चीफ के ठिकानों पर गुरुवार को हुई ईडी रेड के विरोध में टीएमसी दिल्ली से कोलकाता तक विरोध प्रदर्शन कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराई है। उन्होंने कोलकाता में मार्च भी निकाला।

इस दौरान ममता बनर्जी ने दावा किया कि उनके पास गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ पेन ड्राइव हैं। उन्होंने कहा- दिल्ली में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं तक कोयला घोटाले की रकम पहुंचती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। जरूरत पड़ी तो मैं इन्हें जनता के सामने पेश कर सकती हूं। ममता ने कहा, कोयला घोटाले का पैसा सुवेंदु अधिकारी ने इस्तेमाल किया और अमित शाह को भेजा। मैं आमतौर पर प्रतिक्रिया नहीं देतीं, लेकिन अगर कोई मुझे छेड़ता है तो मैं छोड़ती नहीं हूं।

इधर कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट परिसर में भारी भीड़ और हंगामे की वजह से ईडी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है। याचिका में ममता



बनर्जी के खिलाफ छापेमारी के दौरान हस्तक्षेप करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

#### ममता की 3 बड़ी बातें

चुनाव आयोग में बैठे एक अधिकारी पहले अमित शाह के सहयोग विभाग के सचिव रह चुके हैं। मुझे इससे निजी आपत्ति नहीं है, लेकिन भाजपा ने हरियाणा और बिहार में जबरन सत्ता हासिल की और अब वही कोशिश बंगाल में की जा रही है।

एसआईआर के नाम पर स्थानीय लोगों को परेशान किया जा रहा है, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को भी परेशान किया गया। बंगाली बोलने वालों को बांग्लादेशी कहा जा रहा है। भाजपा रोहिंग्याओं की बात करती है, लेकिन असम में रोहिंग्या हैं तो वहां एसआईआर क्यों नहीं लागू किया गया।

# जयपुर में ऑडी कार ने 16 को कुचला, एक की मौत

### कार सवार चार लोग नशे में थे, एक आरोपी गिरफ्तार, 4 घायलों की हालत गंभीर

एजेंसी

**जयपुर।** जयपुर में तेज रफ्तार ऑडी कार ने 16 लोगों को कुचल दिया। एक युवक की मौत हो गई, 15 लोग घायल हैं।

घायलों को जयपुरिया और एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। 4 की हालत गंभीर है। कार में चार युवक सवार थे। चारों नशे में थे। तेज रफ्तार ऑडी कार डिवाइडर से टकराकर बेकाबू हो गई। 30 मीटर तक रोड किनारे खड़े ठेलों और थड़ी को टक्कर मारती हुई 100 मीटर दूर जाकर पेड़ से टकराकर रुकी।

कार की टक्कर लगते ही घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। थड़ी और ठेलों के किनारे खड़े लोग कार की चपेट में आ गए। पहले तो लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे, बाद में घायलों को संभाला। कार की टक्कर से आसपास खड़ी गाड़ियां भी पलट गईं।

# सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के दुरुपयोग पर चिंता जताई

### कहा- टीनएज रिश्तों को कानून से बाहर रखें, केंद्र रोमियो-जूलियट क्लॉज लाने पर विचार करे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के यौन अपराधों से जुड़े सुरक्षा कानून पॉक्सो एक्ट के दुरुपयोग पर चिंता जताई।

कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह रोमियो-जूलियट क्लॉज लाने पर विचार करे, ताकि सहमति से बने असली टीनएज रिश्तों (किशोर अवस्था) को इस कानून के कड़े प्रावधानों से बाहर रखा जा सके।

जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने शुक्रवार को कहा कि पॉक्सो जैसे सख्त कानून के बड़े पैमाने पर गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए यह जरूरी है कि सरकार प्रभावी कदम उठाए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि इस फैसले की एक प्रति कानून सचिव को भेजी जाए, ताकि कानून में संभावित सुधारों पर विचार किया जा सके। साथ ही एक ऐ े स ा सिस्टम बनाया जा सके जिससे उन लोगों पर केस हो जो इन कानूनों का गलत इस्तेमाल करके बदला लेना चाहते हैं। यह मामला उत्तर प्रदेश सरकार की उस याचिका से जुड़ा था, जिसमें उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उस आदेश में हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न के एक मामले में आरोपी को जमानत दी थी, जिसमें एक नाबालिग लड़की शामिल थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को गलत माना, लेकिन आरोपी को दी गई जमानत को बरकरार रखा।



# मोदी ने कॉल नहीं किया, इसलिए रुकी ट्रेड-डील

### अमेरिकी मिनिस्टर बोले- ट्रम्प खुद डील चाहते थे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया है कि भारत के साथ डील किसी पॉलिसी विवाद की वजह से नहीं रुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधे फोन न करना इसकी वजह है। एक पॉडकास्ट में लुटनिक ने ये बात कही है।

इस मामले से जुड़े एक्सपर्ट लुटनिक के इस बयान को ट्रम्प के ईगो से जोड़कर देख रहे हैं। वो मान रहे हैं कि ट्रम्प निजी तौर पर कॉल की उम्मीद कर रहे थे।

वहीं भारत के विदेश मंत्रालय ने लुटनिक के बयान को गलत बताया।



MEA प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी और प्रेसिडेंट ट्रम्प 2025 में 8 बार फोन पर बात कर चुके हैं।

जायसवाल ने कहा, भारत और अमेरिका 13 फरवरी 2025 से बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट पर काम कर रहे। कई राउंड नेगोशिएशन हो चुके हैं और कई बार हम डील के करीब पहुंचे हैं।

#### डील तैयार थी, मोदी को बस एक फोन करना था

लुटनिक ने बताया- भारत के साथ ट्रेड डील लगभग पूरी हो चुकी थी। भारत को बातचीत फाइनल करने के लिए तीन शुक्रवार का समय दिया गया था। ट्रम्प खुद इसे क्लोज करना चाहते थे। इसके लिए बस मोदी को राष्ट्रपति को कॉल करना था। भारतीय पक्ष ऐसा करने में असहज था और मोदी ने कॉल नहीं किया। नतीजा यह हुआ कि डेडलाइन निकल गई।

# केरल सरकार मलयालम को अनिवार्य बनाने का बिल लाएगी

एजेंसी

**बेंगलुरु।** मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को चिट् ?ठी लिखी, जिसमें उन्होंने केरल सरकार के प्रस्तावित मलयालम भाषा बिल पर चिंता जताई।

दरअसल, प्रस्तावित मलयालम विधेयक में कासरगोड जैसे कर्नाटक-केरल की बॉर्डर बसे जिलों के कन्नड़ मीडियम स्कूलों में भी मलयालम को अनिवार्य करने का प्रावधान है।

सीएम सिद्धारमैया ने लेटर में लिखा कि अगर बिल पास होता है, तो कर्नाटक भाषाई अल्पसंख्यकों और देश की बहुलवादी भावना की रक्षा के लिए मिलने वाले संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल करके विरोध करेगा।

### संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक चलेगा। केंद्रीय बजट 1 फरवरी (रविवार) को पेश किया जाएगा। सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 13 फरवरी को खत्म होगा। इसके बाद सत्र की कार्रवाई 9 मार्च से दोबारा शुरू होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 28 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का पारंपरिक संबोधन साल के पहले संसद सत्र के पहले दिन होता है।

# ट्रक में घुसी कार...पूर्व मंत्री की बेटी समेत तीन मौत

### मृतकों में कांग्रेस नेता का बेटा भी शामिल, एक घायल; इंदौर में पार्टी कर लौट रहे थे

**इंदौर/बड़वानी।** इंदौर में शुक्रवार तड़के तेज रफ्तार कार ट्रक में जा घुसी। भीषण हादसे में पूर्व गृह मंत्री और कांग्रेस विधायक बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा बच्चन (26), प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनंद कासलीवाल के बेटे प्रखर कासलीवाल (25) और



मानसंधु (26) की मौके पर ही मौत हो गई। कार सवार एक युवती अनुष्का राठी गंभीर घायल है, जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हादसा शुक्रवार सुबह करीब 5:15 बजे रालामंडल क्षेत्र में हुआ। डीसीपी कृष्ण लाल चंदानी के मुताबिक ग्रे रंग की नेक्सन कार अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और शव अंदर फंस गए। पुलिस के अनुसार, चारों दोस्त कोको फार्म में प्रखर का जन्मदिन मनाकर इंदौर लौट रहे थे। कार प्रखर चला रहा था। कार से शराब की बोतलें भी मिली हैं। पूर्व गृहमंत्री की बेटी का शव बोनट पर मिला। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और नशे को हादसे की वजह माना जा रहा है।

**एयर पॉल्यूशन** — मेघालय का बर्नीहाट भी शामिल; सिर्फ 4 प्रतिशत शहर ही क्लीन एयर प्रोग्राम के दायरे में

# 44 प्रतिशत शहरों की हवा खराब, दिल्ली-गाजियाबाद सबसे ज्यादा प्रदूषित

**नई दिल्ली।** देश के करीब 44 प्रतिशत शहर लंबे समय से एयर पॉल्यूशन का सामना कर रहे हैं। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने सैटेलाइट डेटा की मदद से देश के 4,041 शहरों में पीएम 2.5 प्रदूषण को लेकर रिसर्च की।

इसमें सामने आया है कि मेघालय का बर्नीहाट, दिल्ली और गाजियाबाद देश के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर हैं। इन शहरों में पॉल्यूशन की समस्या एक-दो दिन की नहीं, बल्कि सालभर बनी रहती है। पॉल्यूशन का मुख्य कारण गाड़ियों, फैक्ट्रियों और दूसरे कारणों से लगातार निकलने वाला प्रदूषण है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 से 2024 के बीच हर साल कम से कम 1,787 शहरों में पीएम 2.5 का स्तर तय सीमा से ज्यादा रहा। इसमें कोविड से प्रभावित साल 2020 का डेटा नहीं लिया गया।

भारत के 44 प्रतिशत शहर 'क्रॉनिक एयर पॉल्यूशन' यानी लगातार वायु प्रदूषण के कैटगरी में आते हैं। इसके बावजूद इन शहरों में से सिर्फ 4 प्रतिशत ही नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के दायरे में शामिल हैं।

#### मेघालय का बर्नीहाट सबसे प्रदूषित

2025 के आंकड़ों के अनुसार मेघालय का बर्नीहाट सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर रहा, जहां पीएम 2.5 का औसत 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। इसके बाद दिल्ली (96) और गाजियाबाद (93) दूसरे और तीसरे नंबर पर है। नोएडा चौथे स्थान पर है। लिस्ट में गुरुग्राम, ग्रेटर नोएडा, भिवाड़ी, हाजीपुर, मुजफ्फरनगर और हापुड़ भी शामिल हैं।

#### एनसीएपी में सिर्फ 130 शहर, ज्यादातर प्रदूषित शहर बाहर

सरकार ने प्रदूषित कम करने के लिए 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम शुरू किया था, लेकिन 7 साल बाद भी एनसीएपी में सिर्फ 130 शहर शामिल हैं। इनमें से केवल 67 शहर ही उन 1,787 शहरों में आते हैं, जहां हर साल मानक से ज्यादा प्रदूषण रहता है।

इस तरह एनसीएपी फिलहाल भारत के केवल 4 प्रतिश लगातार प्रदूषित शहरों को ही कवर कर पा रहा है, जबकि ज्यादातर शहर इस योजना से बाहर हैं।

एनसीएपी में शामिल 28 शहरों में अब तक लगातार हवा की क्वालिटी मापने वाले स्टेशन नहीं लगाए गए हैं। जिन 102 शहरों में ये स्टेशन हैं, उनमें से 100 शहरों में पीएम 10 का स्तर 80 प्रतिशत या उससे ज्यादा दर्ज किया गया।

# सर्द हवाओं से पूरे देश में तापमान में गिरावट आई

### राजस्थान के 20 जिलों में कोहरे-शीतलहर का अलर्टउत्तराखंड के पिथौरागढ़-रुद्रप्रयाग में पारा -21

**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ।** पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी राज्यों की तरफ चल रही सर्द हवाओं से पूरे देश में तापमान में गिरावट आई है। मध्य प्रदेश में रात के साथ ही दिन भी ठंडे होने लगे हैं। दतिया शुक्रवार को बर्फीली हवा की वजह से दिन में प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां अधिकतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान में शुक्रवार को शीतलहर चलने से सर्दी और बढ़ गई। अलवर में सुबह बारिश (मावठ) हुई। खैरथल-तिजारा में बारिश के साथ ओले भी गिरे। उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा और कोटपूतली-बहरोड़ में सुबह घना कोहरा रहा। शनिवार को 12 जिलों में कोहरे और 8 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड में लगातार दो दिन से 2 जगहों का तापमान -21एष्ट दर्ज किया गया है। इसमें पिथौरागढ़ का आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम है। वहीं, चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ में पानी की पाइपलाइन जम गई। वहीं देहरादून के चकराता में तापमान -1एष्ट दर्ज किया गया, जिससे यहां सुबह ओस जमी दिखी।

# संपादकीय

## मजबूत जीडीपी वृद्धि : सिर्फ हवाई बातें?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारतीय अर्थव्यवस्था इन दिनों सुर्खियों में है। जनवरी 2026 में जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 6.5 प्रतिशत से बेहतर है। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2025) में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत तक पहुँची— छह तिमाहियों का उच्चतम स्तर। पहली छमाही में औसतन 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। Reserve Bank of India ने भी अपना अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है, जबकि क्रिसिल जैसे निजी संस्थान 7 प्रतिशत तक की वृद्धि की बात कर रहे हैं।

ये आंकड़े उत्साहजनक हैं। सेवा क्षेत्र इस वृद्धि का मुख्य इंजन है—वित्तीय सेवाएँ, रियल एस्टेट, पेशेवर सेवाएँ और लोक प्रशासन में लगभग 9.9 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का अनुमान है। निजी उपभोग (जीडीपी का करीब 60 प्रतिशत) में 7 प्रतिशत की वृद्धि, सरकारी खर्च में तेजी और निजी निवेश में 7.8त्न की बढ़ोतरी ने घरेलू मांग को सहारा दिया। वैश्विक अनिश्चितताओं—जैसे Donald Trump प्रशासन द्वारा लगाए गए अमेरिकी टैरिफ—के बावजूद भारत ने संतुलन बनाए रखा। सेवा निर्यात में 8.65 प्रतिशत की मजबूती और रेमिटेंस भी सहायक रहे।

सरकार इसे सुधारों का फल मानती है—जीएसटी में राहत, टैक्स कटौती, कैपिटल एक्सपेंडिचर में तेजी और नरम होती मुद्रास्फीति (कुछ महीनों में 0.71 प्रतिशत तक) ने माहौल को अनुकूल बनाया। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ जैसे International Monetary Fund, World Bank और Moodys भी भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था मान रही हैं। इन आकलनों से यह धारणा मजबूत होती है कि भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ रहा है।

### लेकिन क्या यह पूरी तस्वीर है?

आलोचक इसे हवाई बातें कहकर खारिज करते हैं। उनका तर्क है कि वृद्धि का बड़ा हिस्सा सेवा क्षेत्र और शहरी मांग पर टिका है, जबकि कृषि (3.1 प्रतिशत) और यूटिलिटी सेवाएँ (2.1 प्रतिशत) पीछे हैं। जब 50 प्रतिशत से अधिक आबादी आज भी कृषि पर निर्भर है, तब इतनी कम कृषि वृद्धि गंभीर चिंता है। बेरोजगारी भी यथावत है—रेलवे जैसी नौकरियों में लाखों आवेदन इस बात का संकेत हैं कि विकास का लाभ नीचे तक नहीं पहुँच रहा।

डेटा की गुणवत्ता पर भी सवाल उठते हैं। स्वयं आईएमएफ ने भारतीय जीडीपी अनुमान पद्धति में कमजोरियों की ओर इशारा किया है। कई संकेत बताते हैं कि वृद्धि का लाभ अपेक्षाकृत अमीर वर्ग और कॉर्पोरेट क्षेत्र तक सीमित है—निजी निवेश में असमानता, विदेशी निवेश की अनिश्चितता और भारतीय पूंजी का विदेश जाना इसके उदाहरण हैं। असमान विकास, बढ़ती असमानता और महंगाई का दबाव (नाममात्र जीडीपी बढ़ने के बावजूद) आम आदमी की क्रय-शक्ति पर असर डालता है।

### निष्कर्ष

मजबूत जीडीपी वृद्धि वास्तविक है—यह घरेलू मांग, सुधारों और आर्थिक लचीलेपन का परिणाम है। लेकिन यदि यह वृद्धि रोजगार, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था तक नहीं पहुँची, तो इसकी टिकाऊपन पर प्रश्नचिह्न बना रहेगा। अब चुनौती है विकास को अधिक समावेशी बनाना—ताकि आंकड़ों की चमक से आगे बढ़कर यह हर भारतीय के जीवन में ठोस बदलाव ला सके। नींव मजबूत है; इमारत तभी टिकेगी जब मजबूती नीचे तक पहुँचे।

विश्व हिंदी दिवस- 10 जनवरी 2026

# विश्व में हिन्दी की बढ़ती साख: भारत में उपेक्षा क्यों?

-ललित गर्ग-




हर वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाने वाला विश्व हिंदी दिवस केवल एक औपचारिक या प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हिंदी भाषा की वैश्विक यात्रा, उसकी बढ़ती प्रतिष्ठा, उसके सामने उपस्थित चुनौतियों और हमारे अपने राष्ट्रीय आचरण की विडंबनाओं पर गहन चिंतन का अवसर है। यह दिन हमें उस ऐतिहासिक क्षण की स्मृति कराता है जब पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी बोली गई थी और भारत की सांस्कृतिक आत्मा ने विश्व मंच पर अपनी मौलिक पहचान दर्ज कराई थी। आज स्थिति यह है कि हिंदी विश्व में सम्मान, स्वीकार्यता और लोकप्रियता की नई ऊँचाइयों को छू रही है, लेकिन अपने ही देश में वह अपेक्षा, उपेक्षा और संकोच के बीच झूलती दिखाई देती है। यही विरोधाभास विश्व हिंदी दिवस को और अधिक प्रासंगिक बना देता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में फैले हिंदी जानकारों, हिन्दीभाषियों को एकजुट करना, हिन्दी को विश्व स्तर पर स्थापित एवं प्रोत्साहित करना और हिंदी की आवश्यकता से अवगत कराना है। अंग्रेजी भाषा भले ही दुनियाभर के कई देशों में बोली है और लिखी जाती है लेकिन हिंदी हृदय की भाषा है। विश्व हिन्दी दिवस विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करने तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में मान्यता दिलाने का प्रभावी उपक्रम है।

हिंदी मात्र संवाद की भाषा नहीं है, वह भारतीय सभ्यता, संस्कृति, संवेदना और सामूहिक चेतना की वाहक है। यह लोक से उपजी, लोक में पली और लोक के लिए ही जीने वाली भाषा है। हिंदी का सबसे बड़ा गुण उसकी सहजता, सरलता और वैज्ञानिक संरचना है। यह ध्वन्यात्मक भाषा है, जिसमें जैसा लिखा जाता है वैसा ही बोला जाता है, जिससे इसे सीखना और अपनाना अपेक्षाकृत सरल हो जाता है। यही कारण है कि जिन देशों में भारतीय प्रवासी बसे हैं, वहां हिंदी ने सहज ही अपनी जड़ें जमा ली हैं। एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका तक हिंदी आज केवल भारतीयों की भाषा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संवाद की भाषा बनती जा रही है। योग, आयुर्वेद, भारतीय दर्शन, बॉलीवुड, भक्ति साहित्य और डिजिटल माध्यमों ने हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह दुनिया की तीसरी या चौथी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, अंग्रेजी और मंदारिन चीनी के बाद, और भारत के साथ-साथ नेपाल, मॉरीशस, फिजी जैसे देशों में भी इसका व्यापक उपयोग है और यह विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रही है।

विश्व में लगभग साठ-सत्तर करोड़ से अधिक लोग हिंदी बोलते, समझते या किसी न किसी रूप में उससे जुड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी की उपस्थिति निरंतर बढ़ रही है। विश्व हिंदी सम्मेलन, जिसकी शुरुआत 1975 में नागपुर में हुई थी, आज एक वैश्विक वैचारिक आंदोलन का रूप ले चुका है। इन सम्मेलनों ने यह सिद्ध किया है कि हिंदी केवल भावनाओं या साहित्य की भाषा नहीं, बल्कि विचार, विज्ञान, कूटनीति और वैश्विक संवाद की भी सक्षम भाषा है। हिंदी को वैश्विक मंच पर आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ प्रस्तुत करने का श्रेय यदि किसी भारतीय नेता को जाता है, तो वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी हैं। 1977 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में दिया गया उनका भाषण केवल भाषण नहीं था, बल्कि वह एक सांस्कृतिक उद्घोषणा थी। अटल बिहारी वाजपेयी ने यह सिद्ध कर दिया कि हिंदी में भी अंतरराष्ट्रीय राजनीति, शांति, निरस्त्रीकरण और मानवता जैसे गहन विषयों पर प्रभावी संवाद संभव है। उनके लिए हिंदी भावुक आग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्रबोध की सशक्त अभिव्यक्ति थी। उन्होंने हिंदी को सत्ता की भाषा बनाने का प्रयास नहीं किया, बल्कि उसे संवाद और आत्मगौरव की भाषा के रूप में प्रतिष्ठित किया।

वैश्वीकरण और उदारीकरण के दौर में हिंदी की यात्रा कुछ हद तक धीमी अवश्य हुई, विशेष रूप से शासन और उच्च प्रशासनिक स्तर पर। अंग्रेज़ी को आधुनिकता, सफलता और वैश्विकता का प्रतीक मान लिया गया, जबकि हिंदी को प्राय: भावनात्मक या घरेलू दायरे में सीमित कर दिया गया। शिक्षा, न्यायपालिका, कॉर्पोरेट जगत और उच्च प्रशासन में हिंदी अपेक्षित स्थान नहीं बना सकी। हालांकि हिंदी साहित्य, पत्रकारिता और सिनेमा ने इस दौर में भी अपनी सृजनात्मक ऊर्जा बनाए रखी, लेकिन नीतिगत स्तर पर हिंदी को वह प्राथमिकता नहीं मिल पाई जिसकी वह हकदार थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हिंदी ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ उपस्थिति दर्ज कराई है।

वे विश्व के किसी भी मंच पर हिंदी में बोलने से संकोच नहीं करते। संयुक्त राष्ट्र महासभा, जी-20 सम्मेलन, शंघाई सहयोग संगठन या प्रवासी भारतीयों के कार्यक्रम, हर जगह उनकी हिंदी यह संदेश देती है कि अपनी भाषा में बोलना कमजोरी नहीं, बल्कि आत्मबल का परिचायक है। नरेंद्र मोदी ने हिंदी को अनुवाद की बैसाखी के सहारे नहीं, बल्कि उसकी मौलिक शक्ति के साथ प्रस्तुत किया। डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया जैसे अभियानों में हिंदी को केंद्र में रखा गया, जिससे आम नागरिक का शासन से संवाद अधिक सुलभ और प्रभावी हुआ। सरकारी योजनाओं, मोबाइल ऐप्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हिंदी की बढ़ती उपस्थिति ने यह सिद्ध किया कि तकनीक और हिंदी एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकते हैं।

इसके बावजूद यह एक कटु सत्य है कि हिंदी आज विश्व में जितनी प्रतिष्ठित हो रही है, उतनी ही अपने ही देश में उपेक्षित होती जा रही है। अंग्रेज़ी को सामाजिक प्रतिष्ठा और बौद्धिक श्रेष्ठता का पैमाना बना दिया गया है। माता-पिता अपने बच्चों को अंग्रेज़ी माध्यम में पढ़ाकर गर्व महसूस करते हैं, जबकि हिंदी माध्यम को हीन दृष्टि से देखा जाता है।

यह समस्या भाषा की नहीं, मानसिकता की है। यह मानसिक गुलामी है, जो हमें अपनी ही भाषा से दूर करती जा रही है। राजनीतिक दल हिंदी की बात तो करते हैं, लेकिन उसे शिक्षा, न्याय और प्रशासन की मुख्यधारा में स्थापित करने के लिए ठोस इच्छाशक्ति का अभाव दिखाई देता है। हिंदी एक वैज्ञानिक भाषा भी है, यह तथ्य अक्सर उपेक्षित रह जाता है। इसकी वर्णमाला उच्चारण विज्ञान पर आधारित है। इसमें नए शब्द गढ़ने और विदेशी शब्दों को आत्मसात करने की अद्भुत क्षमता है। संस्कृत से जुड़ी होने के कारण यह तकनीकी, दार्शनिक और वैज्ञानिक शब्दावली के निर्माण में पूरी तरह सक्षम है। हिंदी में भावनाओं की अभिव्यक्ति जितनी सहज है, उतनी ही तार्किक और बौद्धिक विमर्श की भी क्षमता है। यही कारण है कि हिंदी जनभाषा होते हुए भी वैश्विक संवाद की भाषा बनने की पूरी क्षमता रखती है।

सच्चाई तो यह है कि देश में हिंदी अपने उचित सम्मान को लेकर जूझ रही है। राजनीति की दूषित एवं संकीर्ण सोच का परिणाम है कि हिन्दी को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह स्थान एवं सम्मान आजादी के अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र में अंग्रेजी को मिल रहा है। अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाओं की सहायता जरूर ली जाए लेकिन तकनीकी एवं कानून की पढ़ाई एवं राजकाज की भाषा के माध्यम के तौर पर अंग्रेजी को प्रतिबंधित या नियंत्रित किया जाना चाहिए। आज भी भारतीय न्यायालयों में अंग्रेजी में ही कामकाज होना राष्ट्रीयता को कमजोर कर रहा है। हिन्दी के बहुआयामी एवं बहुतायत उपयोग में ही राष्ट्रीयता की मजबूती है, जीवन है, प्रगति है और शक्ति है किन्तु इसकी उपेक्षा में विनाश है, अगति है और स्खलन है। एथनोलॉग के वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस के 22वें संस्करण में बताया गया है कि दुनियाभर की 20 सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में 6 भारतीय भाषाएं हैं, इनमें हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन गयी है। हिंदी का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन यह भविष्य तभी साकार होगा जब हम स्वयं अपनी भाषा पर विश्वास करेंगे। विश्व हिंदी दिवस इसी संकल्प का दिन है कि हिंदी को विश्व में प्रतिष्ठित करने के साथ-साथ अपने ही घर में उसका सम्मान और अधिकार लौटाया जाए, क्योंकि जब भाषा सशक्त होती है, तब राष्ट्र की आत्मा भी सशक्त होती है।

# सशर्त ढील : केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के दिशा निर्देश

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने औषधि से जुड़े मामूली उल्लंघन के मामलों को निपटाने के लिए जो नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, वे 2023 से चल रहे तौर-तरीकों में एक कानूनी बदलाव को अमल में लाते हैं। हाल तक, औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत मामूली या तकनीकी नियमों का पालन न करने के कई मामलों में आपराधिक मुकदमे चलाए गए थे। लेकिन नए मार्गदर्शन और मानक संचालन प्रक्रियाओं का मकसद सुलह की प्रक्रिया का मानकीकरण करना है। इनके तहत नियामक की मर्जी से, कंपनियां मुक़दमेबाजी का सामना करने के बजाय कुछ अपराधों के बारे में सूचना देकर और जुर्माना भरने के लिए आवेदन करके मामला सुलझा सकती हैं। इसका कानूनी आधार जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम है, जिसे जीवन जीने और व्यवसाय करने में आसानी के लिए अपराधों को गैर-आपराधिक और तर्कसंगत बनाने की कवायद के तौर पर बनाया गया था।

जन विश्वास ने 1940 के अधिनियम में धारा 32बी का दायरा उन अपराधों के समूह में और मदों जोड़कर बढ़ाया जिनमें समझौता किया जा सकता है। इस प्रावधान में अब 1940 के अधिनियम का उल्लंघन करके बेचने या वितरण के लिए दवा बनाना शामिल है, लेकिन यह इसकी धारा 27(ए-सी) के तहत कवर नहीं होता है और ऐसी गैर-नकली या बिना मिलावट वाली दवा का भंडारण या प्रदर्शित करना भी इसमें शामिल है। अगर सुलह की इजाज़त मिल जाती है और उसका भुगतान कर दिया जाता है, तो इसका मुख्य फायदा यह है कि कुछ शर्तों के साथ उस मामले में मुकदमे से छूट मिल जाती है। अगर नियामक प्रणाली इसे अच्छे इरादे से लागू करती है, तो यह बदलाव बेहतर होगा। रिकॉर्ड रखने और जानकारी देने से जुड़े अपराधों के संदर्भ में, सुलह से बेवजह अपराधीकरण रुकेगा और प्रवर्तन गंभीर उल्लंघनों पर ध्यान दे पाएगा।

मुख्य दिक्कतें ये हैं कि नए दिशानिर्देश 'भुगतान और स्वीकृति' योजना में तब्दील हो जा सकते हैं और सीडीएससीओ की पारदर्शिता भी एक समस्या है। कंपनियां अभियोजन से पहले या बाद में सुलह की मांग कर सकती हैं। हालांकि अगर सीडीएससीओ सुलभ संबंधी आदेश (संपादित ही सही) और मामले का ब्योरा प्रकाशित नहीं करता है, तो जनता का कानूनी कार्रवाई और नियामक पर से भरोसा उठ सकता है। भले ही बार-बार अपराध करने वालों को यह सहूलियत न मिले, लेकिन सार्वजनिक रूप से जांच-परख करने की एक व्यवस्था जरूरी है।

मार्गदर्शन में विवेक और शर्तों पर जोर उस सार्वजनिक रिपोर्टिंग की जगह नहीं ले सकता, जिससे निष्पक्ष लोग यह जांच कर सकें कि वही कंपनियां बार-बार गलती तो नहीं कर रही हैं। इसी तरह, प्रकाशित प्रक्रिया में उपभोक्ता समूहों या मुखबिरों (व्हिसल-ब्लोअर) को मुक्ति दिए जाने से पहले अपनी बात रखने का मौका नहीं मिलता है।

इसके बाद, माफ की जा सकने वाली गलतियों के बारे में जिस तरह से लिखा गया है, वह असल में काफी व्यापक है और इसमें कागजी कार्रवाई में गलतियों से लेकर अनुपालन संबंधी बेहद गंभीर नाकामी तक, कई तरह के व्यवहार शामिल किए गए हैं। अगर माफी के जुर्माने भी बहुत कम रखे जाते हैं, उन्हें ठीक से लागू नहीं किया जाता है या रोकने के बजाय रूटीन के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, तो अनुपालन में कमी आनी ही है।

शायद सबसे जरूरी बात यह है कि सीडीएससीओ को माफी को सुधारात्मक व निवारक कार्रवाइयों, फॉलो-अप मुआयना और जरूरी होने पर अलर्ट जारी करने या कंपनियों को उत्पाद वापस मंगाने का निर्देश देने जैसी सार्वजनिक रूप से की जाने वाली कार्रवाइयों से भी जोड़ना चाहिए। नहीं तो, वक्त के साथ जोखिम में स्थायी कमी नहीं आ पाएगी।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3766



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3765 का हल



## हंसी के फूव्वारें

'सुधीर, आज जब मैं पढ़ा रहा था तो तुम बातें कर रहे थें. अध्यापक ने कहा.'

'नहीं सर, आपको भ्रम हो गया लगता है मैं तो नींद में कभी बाते नहीं करता हूँ.'

□ □ □

'कल रात अंधेरे में एक चोर मेरे कमरे में घुस आया.' एक लड़की ने अपने प्रेमी को बताया.

'फिर क्या उसने कुछ चुराया ?' प्रेमी ने पूछा.

'हां, बहुत कुछ चुराकर ले गया, मैं समझी कि तुम आये हो.'

□ □ □

मालिक(नौकर से) : रामू इस वर्ष तुम चार बार अपने दादा के मरने की छुट्टी ले चुके हो अब किस बात की छुट्टी चाहिए?

रामू: मालिक मेरी दादी की शादी है.

□ □ □

एक महिला ने अपनी सखी को बताया, 'मेरे लिए पति की देखभाल करना मुश्किल काम नहीं, आखिर मैं अपने चार बच्चों को पाल चुकी हूँ.'

□ □ □

रात्रि का समय था. हवलदार ने एक साइकिल सवार को बिना रोशनी लगाये आते देखा तो उसने रोका और पूछा- 'यह साइकिल तुम्हारी है?'

'जी नहीं.'

'तुम्हारा नाम'

'जी वह मेरा अपना है.'

## फिल्म वर्ग पहेली - 3766



**बायें से दायें:-**

१. 'तू सामने जब आता' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
४. शाहरूख, ट्विंकल की 'आशिक हूँ मैं कातिल भी' गीतवाली फिल्म-४
७. 'आके चली बांके चली' गीत वाली संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. 'दिल चीज क्या है' गीत वाली 'उमराव जान' की नायिका-२
१२. राजेंद्र कुमार, माला की 'जिसके सपने हमें' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'मैं तुझ से मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
१५. अक्षयकुमार, रवीना की 'टिप टिप बरसा पानी' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'संभाला है मैं ने' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१७. जैकी, रति अग्निहोत्री की 'छोड़ो मुझे छोड़ों' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'हुतूतू' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-२
२३. 'ये रेशमी जुल्फे' गीत वाली राजेश, मुमताज की फिल्म-१,२
२४. मिथुन, चंकी, रितुपर्णा, सोमी अली की १९९४ की एक फिल्म-३,२
२७. 'बनाके क्यूँ बिगाड़ा रे' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
३०. जीतेंद्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीतवाली फिल्म-३
३२. 'एक लड़की जिसके होठों' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा की फिल्म-२
३३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
३४. 'तू प्यार का सागर है तेरी इक बूंद के प्यासे हम' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तन्हा तन्हा दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कहना है तुमसे कहना' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
३. फिल्म 'मिलन' में मनीषा कोईराला के साथ नायक का नाम-२
५. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दिया की फिल्म-२
६. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
८. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा की फिल्म-४
९. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, वहीदा की फिल्म-३
१३. 'हसीना गोरी गोरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'खानदान' की नायिका कौन थी-३
१९. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३
२०. 'हम साथ साथ हैं' में सोनाली के पिता की भूमिका किसने की थी?-३,२
२१. 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली राजेश, सुलक्षण की फिल्म-२
२५. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की एक सस्पेंस फिल्म-२
२६. 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२८. 'गोरी जो मटके' गीत वाली फिल्म-३
२९. सनी, मीनाक्षी की 'सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीवकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की १९८१ की एक फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3765



## सूडोकु -3766

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3765 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## शब्द पहेली - 3766



**बाएँ से दाएँ**

1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली -3765 का हल



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



# नोएडा में पानी जांच के लिए बनी हाईपावर तकनीकी समिति

**पाइपलाइनों के रिसाव, जंग और सैंपल लेकर देगी रिपोर्ट, सड़क बुनियादी ढांचे में होगा सुधार**

**नोएडा।** इंदौर में प्रदूषित पानी पीकर कई लोगों की मौत हो गई थी। जिसको गंभीरता से लेते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने जल विभाग के अधिकारियों की एक हाईपावर तकनीकी समिति गठित की है। यह समिति पाइप लाइनों में रिसाव और जंग लगने की समस्याओं की पहचान व जलाशयों और वॉटर एटीएम में पानी की शुद्धता की जांच करेगी।

समिति विभिन्न क्षेत्रों से सैंपल लेकर अपनी जांच विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द सौंपेगी। ताकि भविष्य में इंदौर जैसी घटना यहां न हो। गंगा जल परियोजना के संबंध में निर्देश दिए गए कि 80 क्यूसेक गंगा जल परियोजना से संबंधित कार्य जनवरी 2026 तक पूरा कर लिया जाए।

कार्यों की समीक्षा की दौरान सड़क बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए एसीईओ वंदना त्रिपाठी और ओएसडी महेंद्र प्रसाद की सदस्यता वाली एक




विशेष टीम गठित की गई है। सीईओ के निर्देश पर शुक्रवार को टीम ने मास्टर प्लान रोड-3 के पूरे स्ट्रेच का अचानक दौरा किया।

वे 15 दिनों के अंदर इसके सुधार के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे। तालाबों के निर्माण कार्य की धीमी गति पर सीईओ ने गहरा असंतोष व्यक्त किया। तालाबों के निर्माण में देरी करने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने की अंतिम चेतावनी दी गई है।

### जन स्वास्थ्य अधिकारियों का रोका वेतन

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने के लिए मॉडर्न मैकेनाइज्ड मशीनों और नालों की सफाई के लिए मीडियम साइज उपकरणों की खरीद के निर्देश जारी किए हैं। शहर में व्याप्त गंदगी को देखते हुए जन स्वास्थ्य विभाग के चार में से तीन सहायक परियोजना अभियंताओं उमेश चंद, राहुल गुप्ता और सुशील कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी इनका वेतन रोक दिया गया।

# दूषित पानी से 50 से अधिक बीमार

**सेक्टर अल्फा-2 के निवासी बोले- सीवर का पानी सप्लाई हो रहा**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा 2 के आई ब्लॉक में दूषित पानी पीने से 50 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सप्लाई के पानी में सीवर का पानी मिल रहा है, जिससे उल्टी, दस्त और टाइफाइड जैसी बीमारियां फैल रही हैं। इससे पहले सेक्टर डेल्टा वन में भी इसी तरह की समस्या सामने आ चुकी है।

बीमार लोगों में उल्टी, दस्त और टाइफाइड के लक्षण पाए गए हैं। स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सेक्टर में स्वास्थ्य शिविर लगाया, जिसमें लोगों को ओआरएस के पैकेट वितरित किए गए। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारी प्रभावित क्षेत्र में सीवर लाइनों की सफाई करने पहुंचे।

सेक्टर के निवासियों ने प्राधिकरण पर लापरवाही का आरोप लगाया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुभाष भाटी ने बताया कि आई ब्लॉक में सीवर चोक होने और पानी की निकासी न होने से



गंदगी फैली रहती है। सुबह के समय सप्लाई के पानी में गंदा पानी आने के कारण लोग लगातार बीमार पड़ रहे हैं।

सोसाइटी के लोगों ने कहा कि प्राधिकरण इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं करना चाहता। उन्होंने मांग की कि दूषित पानी की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए पुरानी और टूटी हुई पाइपलाइनों को बदला जाए।

निवासियों के अनुसार, पूरे सेक्टर में सीवर पाइपलाइनें जगह-जगह से टूटी हुई हैं, जो पीने के पानी में मिल रही हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि डेल्टा वन सेक्टर में दूषित पानी की समस्या को ठीक कर दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि कहीं और ऐसी समस्या सामने आती है, तो उसे तुरंत दुरुस्त किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को मामले की सही तरीके से जांच करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## घर में घुसकर जानलेवा हमले का प्रयास

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के तिरथली खेड़ा गांव में घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की गई है। पुलिस ने नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव तिरथली खेड़ा निवासी वीरेंद्र ने कोर्ट में दिए अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि 28 नवंबर 2025 को वह अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद थे। उसी समय गांव के अनुज तेवतिया जयंत, रघुराज और एक अज्ञात व्यक्ति अवैध तमंचा लेकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और परिवार के सदस्यों को डराने-धमकाने लगे। जब वीरेंद्र ने इसका विरोध किया, तो अज्ञात आरोपी ने उन पर तमंचे से फायर करने की कोशिश की, लेकिन गोली नहीं चल सकी। इससे वीरेंद्र बाल-बाल बच गए।

# नोएडा में मामूली विवाद में मुंशी को रॉड से पीटा

**नोएडा।** नोएडा के फेज तीन थाना क्षेत्र के सेक्टर-69 में ओम शंकर ट्रांसपोर्ट में काम करने वाले मुंशी के साथ स्कॉर्पियो सवार युवकों ने मारपीट की। पीड़ित को बचाने के लिए जब दूसरा मुंशी मौके पर पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। मुंशी की तस्वीर भी वायरल हुई है। जिसमें उसके सिर से खून बहता हुआ दिख रहा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत संबंधित थाने की पुलिस से की है।

पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-55 निवासी पिंटू कुमार ने बताया कि वह एक ट्रांसपोर्ट दफ्तर में मुंशी का काम करते हैं। बीते बुधवार को दफ्तर के बाहर वह ट्रांसपोर्ट की गाड़ी को साइड कर रहे थे। इसी दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो पीछे आई। इसमें एक व्यक्ति सवार था। स्कॉर्पियो सवार व्यक्ति ने गाड़ी हटाने की बात कहकर पिंटू कुमार के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया।

### होटल से बाहर खींचकर पीटा

पीड़ित के विरोध करने पर उसने अपने तीन से चार साथियों को मौके पर बुला लिया। बात झगड़े में बदलती देख पीड़ित ट्रांसपोर्ट दफ्तर के नीचे एक होटल में घुस गया। इसके बाद आरोपी उसे होटल से बाहर खींचकर लाए और लात और घूसों से जमकर पीटा। आस-पास खड़े लोग मारपीट होता देखते रहे। इसी दौरान अपने साथी को बचाने के लिए ट्रांसपोर्ट का दूसरा मुंशी ब्रह्मपाल आ गया।

बीच बचाव करने पर आरोपियों ने दूसरे मुंशी के साथ भी मारपीट की। उसकी आंख पर नुकीले हथियार से हमला किया गया। शोर सुनकर जब आसपास के अन्य लोग मौके पर जमा हो गए, तब जाकर आरोपियों ने मारपीट करना बंद किया।

# जेवर विधायक ने नोएडा एयरपोर्ट का निरीक्षण किया

**बुलंदशहर विधायक भी साथ रहे, परियोजना की प्रगति पर चर्चा**

एजेंसी

**जेवर।** जेवर विधायक ने शुक्रवार शाम नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण कार्य और तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने हवाई अड्डे पर मौजूद व्यवस्थाओं, सुरक्षा मानकों और यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

अधिकारियों से परियोजना की प्रगति, तकनीकी सुविधाओं और संचालन से जुड़ी जानकारियां भी प्राप्त की गईं।

जेवर विधायक ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को वैश्विक पहचान दिलाने वाला एक विश्वस्तरीय प्रोजेक्ट है।

उन्होंने बताया कि इसके शुरू होने से प्रदेश और देश के आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी। एयरपोर्ट से निवेश बढ़ेगा और हजारों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

विधायक ने इस परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम बताया।

उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन में नया भारत और नया उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट भविष्य में देश के प्रमुख एविएशन हब में से एक होगा।

इस निरीक्षण के दौरान अनूपशहर विधायक संजय शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने भी एयरपोर्ट परियोजना की सराहना करते हुए इसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। दोनों विधायकों ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# डियर पार्क में नियुक्त किए जाएंगे मेडिकल ऑफिसर

**10 प्रजातियों के 132 हिरण को लाया जाएगा, इलाज और वातावरण के प्रति बनाएंगे अनुकूल**

**नोएडा।** नोएडा के डियर पार्क में पहले फेज के निर्माण के लिए सीईओ ने अप्रूवल दे दिया है। पहले फेज में यहां बाड़ा, फेंसिंग और सिविल कार्य किए जाएंगे। इसके लिए करीब 8 करोड़ खर्च होगा। इसके साथ ही सलाहकार कंपनी की ओर से यहां मेडिकल ऑफिसर नियुक्त किया जाएगा। इनका काम बिमार हिरण का उपचार करना होगा। इसके अलावा उनके अनुकूल वातावरण को तैयार करना होगा। आगामी 15 दिनों में टेंडर जारी किया जाएगा। फाइनल अप्रूवल सीईओ ने दे दिया है। पहले हिरण के बाड़ा बनाने के लिए टेंडर जारी होगा। इसके बाद हॉर्टिकल्चर के काम होंगे। टेंडर कर लो कास्ट कंपनी का चयन किया जाएगा। पार्क का डिजाइन तैयार किया जा चुका है। इसमें हिरण के लिए बाड़ा,वाटर बॉडी,फेंसिंग,लाइटिंग,ग्रीन एरिया आदि को तय करते हुए बनाया गया है।

बता दे 1 दिसंबर को नोएडा में जंगल ट्रेल का शुभारंभ किया गया। यहां लोहे के कबाड़ से बनाए गए



जंगली जानवरों को रखा गया है। लोग यहां पहुंच रहे है और मनोरंजन कर रहे है। ऐसे में अब बायोडायवर्सिटी पार्क में डियर पार्क बनाने की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। टेंडर जारी होने और काम अवॉर्ड होने के एक साल के अंदर पार्क का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

### मेडिकल ऑफिस का ये होगा काम

एयरपोर्ट और अन्य स्थानों से रेस्क्यू करके लाए गए हिरण का मेडिकल परीक्षण।

हिरण के बीमार होने पर उनका इलाज करना।

सलाहकार कंपनी के साथ मिलकर हिरण के लिए वातावरण को अनुकूल बनाना।

विदेशी हिरण को यहां के वातावरण के अनुसार ढालना और उनका इलाज करना।

### सनसेट सफारी में स्पेक्ट्रम लाइट होंगी प्रयोग

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि करीब 30 एकड़ में मिनी जू की तर्ज पर इस डियर पार्क को बनाने में करीब 40 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह जिले की पहली सनसेट सफरी होगी। इसमें रात करीब 10 बजे तक लोग स्पेक्ट्रम लाइट की रोशनी में हिरण व जलीय पक्षियों को देख सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्पेक्ट्रम लाइट में वहां पर मौजूद जानवरों को अंधेरा ही लगेगा। वहीं जो लोग सनसेट सफरी में पहुंचेंगे उनको स्पष्ट दिखाई देगा।

### अफ्रीका और प्रदेश के चिड़ियाघर से आएंगे हिरण

नोएडा में 10 प्रजातियों के 132 हिरण को लाया जाएगा। इसमें तीन प्रजाति अफ्रीका से एक्सपोर्ट की जाएंगी। इसके अलावा कानपुर, हैदराबाद और लखनऊ के चिड़ियाघर से यहां हिरण लाए जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा, गाजियाबाद और आसपास में ऐसा डियर पार्क नहीं है। इसलिए यहां डियर पार्क बनाया जा रहा है। इसके लिए नियुक्त किए गए सलाहकारों से बातचीत की जा रही है। ताकि विदेश से लाए जाने वाले हिरण के लिए यहां का पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके।

# नोएडा में 100 करोड़ की जीएसटी चोरी का भंडाफोड़

**एसटीएफ ने 4 आरोपियों को दबोचा, बोगस कंपनियों से चलता था फर्जीवाड़ा**

**नोएडा।** विभिन्न राज्यों और उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में बोगस फर्मों का पंजीकरण कर फर्जी इनवाइस और ई-वे बिल के जरिए करीब 100 करोड़ रुपए से अधिक की जीएसटी चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को एसटीएफ नोएडा यूनिट ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम हरदीप सिंह उर्फ प्रिंस, जितेंद्र झा, पुनीत अग्रवाल और शिवम हैं।

एसटीएफ के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि एनसीआर और गाजियाबाद क्षेत्र में महेश इंटरप्राइजेज समेत कई बोगस फर्मों का रजिस्ट्रेशन कर फर्जी इनवाइस और ई-वे बिल तैयार किए जा रहे हैं। इन दस्तावेजों को वास्तविक फर्मों को बेचकर सरकार को करोड़ों रुपए की राजस्व हानि पहुंचाई जा रही है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### दिल्ली से संचालित हो रहा था नेटवर्क

पूछताछ में सामने आया कि हरदीप




सिंह नई दिल्ली में एकाउंटेंसी से जुड़ा काम करता है। उसके साथ जितेंद्र झा, पुनीत अग्रवाल, आलोक अग्रवाल और शिवम मिलकर काम करते थे। यह गिरोह कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बोगस फर्में बनाता था, बिना किसी वास्तविक खरीद के फर्जी सेल्स इनवाइस काटता था और बोगस ई-वे बिल तैयार कर जीएसटी पोर्टल पर अपलोड करता था। इसके बाद फर्जी जीएसटी रिटर्न भी दाखिल की जाती थी।

### व्हाट्सऐप से मंगवाता था डिटेल

एसटीएफ के मुताबिक, हरदीप सिंह वास्तविक फर्मों को फायदा पहुंचाने के लिए यह पूरा नेटवर्क चला रहा था। वास्तविक फर्म के मालिक अपना जीएसटी नंबर, माल या सेवा का विवरण, मात्रा और कीमत व्हाट्सएप के जरिए हरदीप सिंह को भेजते थे। इसके बाद आरोपी बोगस फर्मों के नाम से फर्जी इनवाइस और ई-वे बिल तैयार कर जीएसटी पोर्टल पर अपलोड करते और वही विवरण संबंधित फर्मों को उपलब्ध करा देते थे।

### बोगस खातों में दिखाया जाता था लेन-देन

फर्जी इनवॉइस को असली दिखाने के लिए संबंधित वास्तविक फर्मों द्वारा बैंक खातों के जरिए इनवाइस में दर्शाई गई रकम बोगस फर्मों के खातों में ट्रांसफर दिखाई जाती थी। इसके बाद कैश और सर्कुलर ट्रेडिंग के जरिए पैसों का हिसाब बराबर कर लिया जाता था।

### 30 से ज्यादा लॉगिन आईडी बरामद

एसटीएफ ने बताया कि आरोपियों के पास कई फर्मों की लॉगिन आईडी और पासवर्ड की एक्सेस थी। वे ओटीपी लेकर आसानी से बैंक ट्रांजैक्शन और जीएसटी रिटर्न फाइलिंग कर लेते थे। आरोपियों के मोबाइल फोन से 30 से अधिक ई-मेल आईडी बरामद हुई हैं, जिनका इस्तेमाल बोगस फर्मों के पंजीकरण, फर्जी इनवाइस, ई-वे बिल और बैंकिंग ओटीपी प्राप्त करने में किया जाता था।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के पते पर दर्जनों बोगस फर्में रजिस्टर्ड कराकर बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी की है। एसटीएफ अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और फर्मों की तलाश में जुटी है।

# फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर ठगी और चोरी करने वाला गिरफ्तार, 6.60 लाख बरामद

**नोएडा। वकार सैफी।** थाना सेक्टर-20 पुलिस ने एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर चोरी की एक बड़ी घटना का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4,60,000 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है, साथ ही उसके बैंक खाते में मौजूद 2 लाख रुपये को फ्रीज करवा दिया है।

बता दे कि पुलिस की गिरफ्त खडा शिखर खुराना को पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को मल्टीलेवल कार पार्किंग के सामने फुटपाथ से गिरफ्तार किया।

उसने 5 जनवरी 2026 को डीएलएफ मॉल के बाहर कार से 4,60,000 रुपये नकद चुराया था. एडीसीपी नोएडा शैव्या गोयल ने बताया कि 5 जनवरी को आरोपी शिखर खुराना ने मॉल के पास एक व्यक्ति को अपना निशाना बनाया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने खुद को Forex Coin Trading का जानकार बताया और पीड़ित को फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर अपनी बातों में फंसा लिया।

बातचीत के दौरान मौका पाकर




आरोपी पीड़ित की कार में रखा रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गया था। चोरी का शिकार हुए वादी ने सेक्टर-20 थाने में शिकायत दर्ज कराइ थी जिसके बाद सेक्टर-20 थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित कि गई, पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को मल्टीलेवल कार पार्किंग के सामने फुटपाथ से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के 4,60,000 रुपये नगद बरामद किए हैं। इसके अलावा, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के बैंक खाते की पहचान की और उसमें जमा 2,00,000 रुपये को तुरंत फ्रीज करा दिया, ताकि वह जनता की गाढ़ी कमाई का इस्तेमाल न कर सके।

# शार्ट न्यूज

## बुजुर्ग महिला से चेन लूट का प्रयास

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसायटी में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बिसरख थाना क्षेत्र स्थित ला रेजिडेंशिया सोसायटी की लिफ्ट में एक बुजुर्ग महिला से चेन लूटने का प्रयास किया गया। महिला के शोर मचाने के बाद हेलमेट पहने बदमाश मौके से फरार हो गया। यह घटना ला रेजिडेंशिया सोसायटी के बी-1 टावर नंबर 15 में हुई। बुजुर्ग महिला भारती जानी अपनी बच्ची के साथ लिफ्ट में प्रवेश कर रही थीं। तभी हेलमेट पहने एक व्यक्ति उनके पीछे लिफ्ट में घुस गया और महिला की चेन छीनने का प्रयास किया। महिला के चिल्लाने पर बदमाश ने उन्हें धक्का दिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद बुजुर्ग महिला ने अपने फ्लैट पर पहुंचकर परिजनों को पूरी जानकारी दी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें हेलमेट पहने व्यक्ति को लिफ्ट में घुसते और भागते हुए देखा जा सकता है। महिला के परिजनों ने बताया कि उनकी मां घटना से काफी घबराई हुई हैं। उनके बेटे नरेंद्र जानी ने कहा कि लिफ्ट के अंदर ऐसी घटना होने से वे स्तब्ध हैं। इस घटना के बाद सोसायटी के निवासियों में भारी रोष है।

## जेवर में बैंककर्मी की मौत: तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मारी, साथी वेंटिलेटर पर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में बैंककर्मी हिमांशु अग्निहोत्री (31) की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। यह हादसा जेवर-खुर्जा मार्ग पर गांव खाजपुर गूल के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, नोएडा के सेक्टर-12 निवासी हिमांशु अग्निहोत्री और हरियाणा के सोनीपत स्थित अशोक नगर निवासी गौरव छाबड़ा जेवर के थोरा गांव में स्थित एक बैंक शाखा में कार्यरत थे। शुक्रवार सुबह दोनों बुलेट बाइक से नोएडा से बैंक ड्यूटी के लिए जेवर जा रहे थे। खाजपुर गूल गांव के पास पहुंचते ही पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत दोनों घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने इलाज के दौरान हिमांशु अग्निहोत्री को मृत घोषित कर दिया, जो बैंक में उपप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे।

## नोएडा में स्कूल फ्रेंड बताकर ठगे 6.64 लाख

**नोएडा।** साइबर ठग ने खुद को सहपाठी होने का दावा करते हुए एक व्यक्ति से संपर्क किया। मेडिकल इमरजेंसी बताकर जालसाज ने विभिन्न बैंक खातों में 6.64 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। जालसाज ने पीड़ित को रकम वापस करने के नाम पर फर्जी एसएमएस भेजे। ठगी की जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-78 स्थित अंतरिक्ष गोल्फ व्यू सोसाइटी निवासी जय प्रकाश सैनी ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर को उन्हें अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को सहपाठी अनिल सक्सेना होने का दावा किया। इस पर उन्हें संदेह हुआ, लेकिन जब उसने स्कूल के समय इस्तेमाल होने वाले उपनाम के बारे में बात की तो उन्हें विश्वास हो गया। उसने कहा कि उसका एक रिश्तेदार मेडिकल इमरजेंसी का सामना कर रहा है।उसने बताया- बैंक की सीमा समस्या होने के चलते वह उन्हें रुपये ट्रांसफर नहीं कर पा रहा है। उसने शिकायतकर्ता से रकम ट्रांसफर करने के लिए कहा। इसके लिए उसने क्यूआर कोड भेजा। पहला ट्रांजैक्शन करने के बाद शिकायतकर्ता के मोबाइल पर एसएमएस प्राप्त हुआ।

## रामकुमार बालियान ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**जेवर।** सहकारिता विभाग के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रामकुमार बालियान शुक्रवार शाम जेवर क्षेत्र के मकनपुर बांगर गांव पहुंचे। उन्होंने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान राज्य मंत्री ने ग्रामीणों को सस्ता गल्ला दुकान पर राशन मिलने के संबंध में उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। साथ ही, उन्होंने सरकार की विभिन्न नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बालियान ने गौतमबुद्ध नगर में हो रहे विकास की सराहना की। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट के निर्माण से क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा और यह इलाका दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाएगा। कार्यक्रम में राज्य मंत्री ने फार्मूला चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश निषाद को शॉल और माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने उपनिरीक्षक के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर धीरज ठाकुर, बिजेंद्र प्रधान रामपुर खादर, राजवीर नेता जी, राजकुमार रावल, गोपालदेव रावल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## कार हटाने के विवाद में रिटायर्ड फौजी से मारपीट

**रबूपुरा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-32 में कार को हटाने के विवाद में चार लोगों ने सेना से रिटायर्ड जवान पर हमला कर दिया। पुलिस ने दो नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बुलंदशहर के गांव वंचावली निवासी सचिन कुमार सेना से रिटायर्ड हैं। वह गुरुवार दोपहर को यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-32 में किसी काम से आए थे। इसी दौरान कार को साइड हटाने को लेकर उनका चार लोगों से विवाद हो गया। आरोपियों ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया।पीड़ित ने जब फोन कर पुलिस से मदद लेने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनका मोबाइल भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस घटना में घायल पीड़ित को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने गांव मुरादगढ़ी निवासी आरोपी विशन, सोनू व दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## एयरपोर्ट में नौकरी के लिए 33 को नियुक्ति पत्र मिला

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसान परिवारों के बच्चों को रोजगार देने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अब तक 33 किसान परिवारों के युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जा चुके हैं, जबकि शेष किसान परिवारों के बच्चों को भी एयरपोर्ट के शुभारंभ से पहले नौकरी देने का दावा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का पहला चरण करीब 1334 हेक्टेयर भूमि पर विकसित किया गया है। यह भूमि किसानों से अधिग्रहित की गई थी। अधिग्रहण के समय किसानों को आजीविका के साधन के रूप में दो विकल्प दिए गए थे, जिसमें पांच लाख रुपये की एकमुश्त राशि या फिर एयरपोर्ट परियोजना में नौकरी शामिल थी।कुल 335 किसान परिवारों ने नौकरी का विकल्प चुना था, जबकि अन्य किसानों ने मुआवजे के रूप में राशि लेना स्वीकार किया। अब तक नौकरी का विकल्प चुनने वाले 335 परिवारों में से 33 परिवारों के बच्चों को नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं। एयरपोर्ट प्रबंधन शेष परिवारों के युवाओं को भी नियुक्ति पत्र देने की तैयारी कर रहा है।

## टप्पल रोड टूटी होने से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर में टप्पल रोड की हालत खराब है। यह सड़क अलीगढ़ और टप्पल को जेवर से जोड़ते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक जाती है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं, जिससे वहां रहने वाले लोगों के लिए मुसीबत बढ़ी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क खराब होने से रोजाना ई-रिक्शे पलट रहे हैं। आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दोपहिया और पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। मरीजों को अस्पताल पहुंचने में दिक्कत हो रही है। किसानों और व्यापारियों का काम भी प्रभावित हो रहा है। वहीं धूल-मिट्टी के कारण प्रदूषण बढ़ रहा है।सबसे गंभीर स्थिति आरआर कॉलोनी के पास है। यह कॉलोनी नोएडा एयरपोर्ट परियोजना में विस्थापित सात गांवों के परिवारों को बसाने के लिए बनाई गई है। जिन लोगों को बेहतर भविष्य का सपना दिखाया गया वही टूटी सड़क से जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क पिछले डेढ़ वर्ष से बदहाल है। कई बार शिकायत की गई। ज्ञापन भी सौंपे गए] लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। वहीं, अफसरों का कहना है कि जल्द ही सड़क की मरम्मत कराई जाएगी।

# अयोध्या में नॉनवेज की डिलीवरी पर रोक

## राम मंदिर क्षेत्र के होटल-होम स्टे को चेतावनी, पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर और पंचकोशी परिक्रमा मार्ग के आस-पास नॉनवेज की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। होटल-रेस्टोरेंट्स के लिए ये आदेश पहले से ही लागू है। खाद्य विभाग ने गुरुवार को ऑनलाइन खाना डिलीवरी करने वाली कंपनियों पर भी इसे लागू किया है।

इस संबंध में होटल, होम स्टे और ऑनलाइन खाना डिलीवरी करने वाली कंपनियों को इसकी जानकारी दी गई है। चेतावनी दी गई है कि उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### नॉनवेज डिलीवरी की मिली थी शिकायत

सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद्र



सिंह ने बताया- राम मंदिर और इसके आस पास नॉनवेज की बिक्री पर पहले से रोक है। लेकिन कुछ होटल, गेस्ट हाउस और होम स्टे वाले इसका पालन नहीं कर रहे हैं।

शिकायत मिली थी कि यहां पर आने वाले पर्यटकों को ऑनलाइन नॉनवेज मंगाकर परोसा जा रहा है। इसलिए अब राम मंदिर और इसके आस-पास के क्षेत्र में नॉनवेज की ऑनलाइन डिलीवरी पर रोक लगा दी गई है।

### 8 जनवरी से आदेश लागू

मानिक चंद्र सिंह ने कहा कि 8 जनवरी को होटल, गेस्ट हाउस, होम स्टे और ऑनलाइन खाना डिलीवरी करने वाली कंपनियों को इससे अवगत करा दिया है। नियम तोड़ने पर होटल मालिक और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश का सख्ती से पालन कराया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ब्रिटिश काल से लागू है प्रतिबंध

अयोध्या में नॉनवेज खाने और बेचने पर रोक कोई नई व्यवस्था नहीं है। अमावा के राम मंदिर के पूर्व सचिव और पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल की पुस्तक 'अयोध्या रीविजिटेड' में इसका उल्लेख मिलता है।

पुस्तक के अनुसार ब्रिटिश काल में ही अयोध्या में नॉनवेज की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगाया गया था। उसी आदेश के आधार पर तत्कालीन सिटी बोर्ड फैजाबाद ने यह प्रतिबंध लागू किया था, जो आज भी प्रभावी है और जिसे कभी चुनौती नहीं दी गई।

# नो हेलमेट-नो फ्यूल नीति पर सख्ती, 52 दोपहिया चालकों के काटे चालान

**पीलीभीत।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से प्रदेश में मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है।

इसी क्रम में गुरुवार को नो हेलमेट-नो फ्यूल पॉलिसी के अंतर्गत विशेष प्रवर्तन अभियान की शुरुआत की गई।

उप परिवहन आयुक्त बरेली परिक्षेत्र कमल प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में एआरटीओ, यातायात पुलिस एवं पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने जनपद के एक दर्जन से अधिक पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। इस दौरान बिना हेलमेट पेट्रोल लेने पहुंचे दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 52 चालकों के चालान किए गए। उप परिवहन आयुक्त ने पूर्ति विभाग को निर्देश दिए कि सभी पेट्रोल पंप संचालकों को नो हेलमेट-नो फ्यूल नीति का सख्ती से पालन कराना सुनिश्चित करें।

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 8 जनवरी से 14 जनवरी 2026 तक बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, मोबाइल फोन का प्रयोग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग एवं नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन कर स्वयं व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## शार्ट न्यूज

### पूरनपुर रेंज में अवैध सागौन कटान का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, चार फरार

पीलीभीत। पूरनपुर रेंज अंतर्गत आरक्षित वन क्षेत्र गोपालपुर (कक्ष संख्या-04) में अवैध सागौन कटान का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया, जबकि चार आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए।वन विभाग अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बुन्दन खां पुत्र मोहम्मद सैद तथा शाकिर खां पुत्र हबीब खां, निवासी ग्राम गोपालपुर, थाना घुंघचिहाई, के रूप में हुई है। मौके से 02 मोटरसाइकिल (संख्या यूपी 26एपी 8083 एवं यूपी 26 वी 8083), एक स्प्लेंडर प्लस, एक आरा, तथा सागौन की 10 बल्लियां (आयतन 1.107 घन मीटर) बरामद की गईं।इस घटना में शामिल अन्य चार आरोपी इमामी पुत्र आले हसन, दिलशाद पुत्र झब्बू, पप्पू पुत्र छोटे (निवासी ग्राम गोपालपुर, थाना घुंघचिहाई) तथा हासिम मियां पुत्र सुबानी बख्श निवासी ग्राम सिरसा मौके से फरार होने में सफल रहे। उनकी तलाश जारी है।उक्त प्रकरण में रेंज केस संख्या 48/2025-26, धारा 26 भारतीय वन अधिनियम 1927 (संशोधित) के तहत मामला पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग ने अवैध कटान पर सख्ती बरतने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की बात कही है।

### गैस गीजर से नहा रहे 4-साल के बच्चे की मौत

**बदायूं।** बदायूं में शुक्रवार को गैस गीजर से नहाते समय 4 साल के बच्चे की मौत हो गई। उसके बड़े भाई की हालत गंभीर है। दोनों बाथरूम का दरवाजा बंद कर साथ नहा रहे थे। इसी दौरान बाथरूम में ज्यादा भाप भरने से दोनों सांस नहीं ले पाए और उनका दम घुट गया। काफी देर बाद घरवालों ने दरवाजा तोड़ा तो दोनों भाई फर्श पर बेहोशी की हालत में पड़े थे। घरवाले तुरंत दोनों को जिला अस्पताल ले गए, जहां एक बच्चे ने दम तोड़ दिया। बड़े भाई को बरेली के हायर सेंटर रेफर किया गया है। उसकी हालत गंभीर है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र का है। बरेली रोड पर मोहल्ला शहबाजपुर है। यहां सलीम अहमद अपने परिवार के साथ मकान की ऊपरी मंजिल पर रहते हैं। उनके घर के निचले हिस्से में स्टील की ग्रिल-गेट की दुकान है। सलीम ने बताया- मैंने अपने बाथरूम में करीब 5 साल पहले गैस गीजर लगवाया था। हर साल उसकी मरम्मत कराता हूं। इस साल भी मरम्मत कराई थी। शुक्रवार सुबह करीब 10: 30 बजे मेरे दो बेटे रयान (4) और अयान (11) बाथरूम में नहाने गए थे। दोनों ने अंदर से बाथरूम का दरवाजा बंद कर लिया। दोनों ने गैस गीजर ऑन किया और नहाने लगे।

### संभल में सड़क हादसा, मां की मौत, बेटा घायल

**संभल।** संभल में सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। यह घटना तब हुई जब वे बदायूं स्थित नंदसाल से अपनी ससुराल लौट रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के तारापुर गांव में संत निरंकारी आश्रम के पास हुआ। महिला की पहचान रामपुर के शाहबाद थाना क्षेत्र के धनोरा गांव निवासी 33 वर्षीय बिंसत्ती पत्नी अमन सिंह के रूप में हुई है। वह अपने बड़े बेटे विवेक के साथ बाइक पर सवार होकर बदायूं के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के सरसोरा गांव (नंदसाल) से लौट रही थीं। बेटा बाइक चला रहा था। रास्ते में मटर के छिलकों से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से हल्की टक्कर लगने के बाद, जब बेटे ने ओवरटेक करने की कोशिश की, तो एक चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर से बिंसत्ती की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महिला के तीन बेटे और एक बेटी है, जिनके नाम विवेक, सिवेक, कपिल और संगीता हैं। हादसे की सूचना मिलने पर परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### विंध्याचल मंडल को प्रदेश में पहला स्थान मिला

**मिर्जापुर।** संदर्भों की मार्किंग और अग्रसारण के क्षेत्र में विंध्याचल मंडल ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि दिसंबर माह में की गई प्रदेश स्तरीय समीक्षा में हासिल हुई है। मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल राजेश प्रकाश के मार्गदर्शन में मंडल के तीनों जनपदों द्वारा संदर्भों का समयबद्ध निस्तारण और अग्रसारण सुनिश्चित किया गया। प्रदेश स्तरीय समीक्षा में कुल 120 पूर्णांकों में से विंध्याचल मंडल को 101 अंक प्राप्त हुए, जो 84.17 प्रतिशत उपलब्धि को दर्शाता है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विंध्याचल मंडल को प्रदेश में प्रथम स्थान प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि पर मंडलायुक्त राजेश प्रकाश ने मंडल के तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों सहित समस्त संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता अधिकारियों की कार्यकुशलता, समन्वय और जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भविष्य में भी पूरी पारदर्शिता, निष्ठा और समयबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इसका उद्देश्य न केवल इस उपलब्धि को बनाए रखना है, बल्कि अन्य विभागीय कार्यों में भी विंध्याचल मंडल प्रदेश में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सके।

### मासूम से रेप के दोषी को 20 साल कैद

**बदायूं।** बदायूं में पांच साल की मासूम से रेप के दोषी को कोर्ट ने 20 साल कैद की सजा सुनाई है। फैसला सुनाते वक्त स्पेशल जज पाक्सो एक्ट नीरज कुमार गर्ग की अदालत ने दोषी पर 23 हजार रुपए का अर्थदंड भी डाला है। विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र सिंह वर्मा ने बताया कि मामले में घटना की रिपोर्ट बच्ची की मां ने मूसाझाग थाने में दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि 31 जुलाई 2024 की दोपहर बच्ची घर से बाहर खेलने निकली थी। इसी दौरान गांव का ही ओमप्रकाश पार्क के पास से बच्ची को अपने साथ ले गया। गांव की एक महिला ने उसे ले जाते हुए देखा तो बच्ची की मां को आकर बताया। बच्ची की मां उसे तलाशती हुई आरोपी के घर पहुंची तो वो उसके साथ अश्लीलता कर रहा था और बच्ची की मां को देखकर फरसे से मासूम की हत्या की कोशिश की। शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने तफ्तीश की और कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने समेत साक्ष्यों का अवलोकन के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए यह फैसला सुनाया है।

# घर में सो रही वृद्धा का गला दबाकर कर लूट

**कानपुर।** फजलगंज में गुरुवार तड़के घर में सो रही 85 साल की वृद्धा का गला दबाकर लुटेरे ने 73 हजार लूट लिए। घटना को अंजाम देने के बाद घर से भागते हुए लुटेरों को देख पड़ोसियों ने शोर मचाया। परिजनों ने पीछा किया तो लुटेरा घर के 50 कदम दूरी पर खड़ी स्पोर्ट्स बाइक छोड़ कर फरार हो गया। दो घंटे बाद लुटेरा बाइक लेने वापस पहुंचा तो इलाकाई लोगों ने उसे पीट कर पुलिस को सौंप दिया। वृद्धा के परिजनों ने जरीब चौकी में रहने वाले नाती पर शक जताया है। प्रतापगंज गड़रियन पुरवा निवासी जितेंद्र बाल्मीकी गुरुनानक मोटर मार्केट फजलगंज में प्राइवेट जॉब करते है। वह भाजपा लाजपत नगर मंडल के मीडिया प्रभारी भी हैं। उन्होंने बताया कि परिवार में पत्नी सुनीता व उनकी मां रमाबाई (85) हैं, जो नगर निगम में सफाई कर्मचारी के पद से रिटायर हो चुकी है।

# शिकायतों के निस्तारण में झांसी रेंज ने नौवीं बार किया टॉप

## झांसी परिक्षेत्र के जनपद जालौन एवं ललितपुर को भी प्राप्त हुआ प्रथम स्थान

**ललितपुर झांसी।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली में माह नवम्बर 2025 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी आकाश कुलहरि द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह दिसम्बर 2025 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे



आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह- दिसम्बर 2025 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने लगातार नौवीं (09) बार प्रथम रैंक प्राप्त की है । साथ ही रेंज के जनपद जालौन एवं ललितपुर ने भी प्रथम (01) रैंक प्राप्त की है जिसकी आईजी महोदय द्वारा सराहना कर उत्साह वर्धन किया गया । आई.जी. द्वारा प्रभारी आई.जी.आर.एस./ सीसीटीएनएस उ. नि. राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर विमल कुमार श्रीवास्तव, मु.आ. देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए को भविष्य मे उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरुष्कार से पुरुष्कृत किया गया है । आई जी द्वारा परिक्षेत्र के जनपद प्रभारियों को आई.जी.आर.एस. प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का उच्चकोटि की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने एवं जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर शासन के मंशानुरूप पूर्ण मनोयोग से उनकी समस्याओं के विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है जिससे आमजनमानस में पुलिस की उत्कृष्ट छवि, निष्पक्ष कार्यप्रणाली एवं विश्वसनीयता की भावना बरकरार रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह : ललितपुर में ट्रैफिक पुलिस का जागरूकता अभियान

## वाहन चलाते समय नशे का सेवन करना मतलब दुर्घटना को दावत देना है

**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात ललितपुर द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के एलाइट चौराहे पर ड्रिंक × ड्राइव, के खिलाफ अभियान चलाया गया और नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाए जाने पर 06 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया तथा दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सवारी अनिवार्य रूप से



हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं, लेन ड्राइविंग का पालन आदि के लिए प्रेरित किया गया।

# कानपुर के बाद रायबरेली में मृत मिली डॉल्फिन

**कानपुर।** यूपी में 17 दिन में 3 डॉल्फिन की मौत हो गई है। अब रायबरेली में डॉल्फिन मृत मिली है। यह डॉल्फिन गंगा नदी से दूर शारदा नहर में मिली है। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने डॉल्फिन की डेडबॉडी को जांच के लिए कानपुर जू भेजा। इससे पहले 2 जनवरी को कानपुर के जाजमऊ में और 23 दिसंबर को गाजीपुर में डॉल्फिन मृत मिल चुकी हैं। रायबरेली में मृत डॉल्फिन की डेडबॉडी पोस्टमार्टम के लिए कानपुर चिड़ियाघर भेजी गई। पोस्टमार्टम की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, डॉल्फिन के लिवर, किडनी और फेफड़े जैसे सभी महत्वपूर्ण अंग स्वस्थ थे। शरीर पर किसी बाहरी चोट के निशान भी नहीं पाए गए।

# रिटायर्ड प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर 92 लाख ठगे

**लखनऊ।** लखनऊ में साइबर ठगों ने खुद को सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर रिटायर्ड प्रोफेसर से 92 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने पीड़ित को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने और गिरफ्तारी वारंट जारी होने का डर दिखाकर रकम अपने खातों में ट्रांसफर करा ली। इसके बाद और रुपए का दबाव बनाने लगे।

ऋषिता मैनहैटन, गोमतीनगर विस्तार के रहने वाले जयन्त कुमार सिंह ने बताया- 19 दिसंबर 2025 को उनके पास एक महिला का फोन आया। महिला ने कहा- उनके सिम का मिसयूज हो रहा है और उससे अवैध मैसेज भेजे जा रहे हैं। इसके बाद कॉल को पीआरओ अरुण कुमार के पास ट्रांसफर करने को कहा गया।

### बताए गए नंबर पर कॉल किया

जयन्त ने बताए गए नंबर पर कॉल किया तो खुद को अरुण कुमार बताने वाले व्यक्ति ने कहा कि उनका सिम मुंबई से मिसयूज हो रहा है और मामला आगे भेजा जा रहा है। इसके बाद वॉट्सऐप कॉल के जरिए एक अन्य व्यक्ति ने आधार नंबर लेकर जांच की बात कही। बताया कि पीड़ित का नाम मनी लॉन्ड्रिंग केस में आ रहा है। जिसकी सुनवाई पीएमएलए कोर्ट में होती है।

कुछ देर बाद कॉल कर खुद को इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर संदीप राव बताया। और कहा- फाइल एनसीआरबी और फिर सीबीआई डायरेक्टर तक भेजी जा रही है।

# सिंभावली में ट्रक की चपेट में आया मासूम, मौत

**हापुड़।** सिंभावली क्षेत्र में शुक्रवार को एक कैंटर की चपेट में आने से डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत हो गई। यह घटना पुराने हाईवे किनारे स्थित एक ट्रक यार्ड के सामने हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव खुडलिया निवासी पिताबंर ने बताया कि उनका दो वर्षीय बेटा रोहन उस समय वहां खेल रहा था। लकड़ी से भरा एक कैंटर धर्म कांटे पर तौल के बाद अतिरिक्त लकड़ी उतारने के लिए पीछे किया जा रहा था। इसी दौरान रोहन कैंटर के नीचे आ गया और कुचल गया।हादसे के बाद बच्चे को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर से परिजनों में शोक छा गया।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कैंटर को पीछे करते समय चालक के साथ कोई क्लीनर मौजूद नहीं था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा किया, जिसे पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि कैंटर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पीड़ित पक्ष से तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एएचटीयू की मासिक बैठक में हुयी कई बिन्दुओं पर चर्चा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल अधिकारी जनपद ललितपुर कालू सिंह की उपस्थिति व पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति व मार्गदर्शन में थाना ए0एच0टी0 व एस0जे0पी0यू0 तथा समस्त थानों के बालकल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह जनवरी 2026 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन जनपद ललितपुर स्थिति सभागार कक्ष में आहुत की गयी, जिसमें महिला व बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0 लखनऊ द्वारा जारी स्हक्क् अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं बाल गुमशुदा,



बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, SC/ST एक्ट, बाल विवाह मुक्त भारत के बारें में विस्तृत चर्चा करते हुये, इस बात की शपथ ली गयी कि हम अपने अपने कार्य क्षेत्र व पहुंच पर बाल विवाह रोकने का हर सम्भव प्रयास करेंगें, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन पॉस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई ।

साथ ही साथ जनपद मे गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पास्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया, इस बैठक मे जनपद ललितपुर के सी0डब्लू0सी0, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन, चाइल्ड लाइन, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड, जिला अभियोजन, वन स्टाफ सेन्टर एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण व सभी थानों से सम्बन्धित बाल कल्याण अधिकारी/कर्म0गणों ने बैठक में प्रतिभाग किया ।

# नगर निकायों व विकास परिषदों की अनियमितताओं पर कड़ा रुख, समिति ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, जिला पंचायतों एवं नगर निकायों में अनियमितताओं पर अंकुश लगाने व जांच से संबंधित समिति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति कुंवर महाराज सिंह ने की।

इसमें पीलीभीत व शाहजहांपुर जनपद के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक का उद्देश्य नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला पंचायत एवं आवास विकास परिषद के कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही सुनिश्चित करना तथा लंबित विकास कार्यों का शीघ्र निस्तारण कराना रहा। सभापति ने कहा कि जनता के प्रति जिम्मेदारी तय करना समिति की प्राथमिकता है और सभी विभाग जनकल्याण की भावना से कार्य करें।जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने समिति के सभापति व सदस्यों का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि समिति द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

बैठक में नगर निकायों के बजट, आय-व्यय की स्थिति, आय बढ़ाने के प्रयास, कूड़ा प्रबंधन, जल निकासी, स्वच्छ पेयजल, अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई तथा नगर क्षेत्रों को मॉडल रूप में विकसित करने के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तार से चर्चा हुई।

संबंधित अधिकारियों ने समिति के समक्ष विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

साफ-सफाई व कूड़ा प्रबंधन को लेकर सभापति ने निर्देश दिए कि प्राप्त प्रत्येक शिकायत का त्वरित समाधान किया जाए और विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए।

संतोषजनक उत्तर न देने पर आवास विकास परिषद के एक अधिकारी को लखनऊ तलब किया गया।समिति ने निर्देश दिए कि जिला पंचायत द्वारा संचालित विद्यालयों में साफ-सफाई, विद्युत, प्रकाश व पेयजल की समुचित व्यवस्था हो।

नगर निकायों के ओवरहेड टैंकों की वर्ष में दो बार सफाई तथा पार्कों के सौंदर्यीकरण के भी निर्देश दिए गए।

# घर में घुसा तेंदुआ 9 घंटे बाद पकड़ा गया

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक घर में तेंदुआ घुस गया। करीब 9 घंटे तक वह घर में ही घुसा रहा। इस दौरान खिड़की से देख रहे लोगों पर तेंदुआ गुर्राता रहा। इसी बीच कानपुर से आई डॉक्टरों की टीम घर में घुसी। फिर काफी मशक्कत के बाद तेंदुए को ट्रेंकुलाइज किया गया। इस बीच, वन विभाग और 4 थानों की फोर्स मौके पर मौजूद रही। वन विभाग ने घर के चारों तरफ जाल बिछा दिया। गांववालों की भी भीड़ लग गई। एहतियातन इलाके की घेराबंदी की गई। पुलिस, वन विभाग और जिला प्रशासन के करीब 150 कर्मचारी-अफसर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे। मामला झूंसी थाना क्षेत्र के छिबैया गांव का है। दरअसल, गुरुवार सुबह तेंदुआ गांव के पास एक तालाब के पास था।

# साइबर ठगी : पुलिस ने आमजन को किया जागरूक

**ललितपुर ।** जखौरा पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल, पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के राजकीय इण्टर कॉलेज, जखौरा में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया । जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा



प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें ।

सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑर्थेटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें ।

साइबर फ्राड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, NCCRP पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बं।

## संक्षिप्त समाचार

### साल्ट लेक सिटी में मॉर्मन चर्च की पार्किंग में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**साल्ट लेक सिटी , एजेंसी।** अमेरिका के यूटा की साल्ट लेक सिटी में एक चर्च के बाहर हुई गोलीबारी में बुधवार को दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। गोलीबारी की घटना द चर्च ऑफ जीसस क्राइस्ट ऑफ लैटर-डे सेंट्स (जिसे आमतौर पर मॉर्मन चर्च के नाम से जाना जाता है) के एक सभा भवन के पार्किंग स्थल में हुई। जानकारी के अनुसार जिस समय यह गोलीबारी की घटना हुई, उस समय अंदर एक अंतिम संस्कार हो रहा था। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी भी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया है। पुलिस ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि हमलावर का किसी विशेष धर्म के प्रति कोई द्वेष था। साल्ट लेक सिटी के पुलिस प्रमुख ब्रायन रेड ने कहा कि हमारा मानना है कि यह किसी धर्म या इस तरह की किसी भी चीज के खिलाफ लक्षित हमला नहीं था। पुलिस का मानना है कि गोलीबारी आकस्मिक नहीं थी। ब्रेनन मैकइंटायर ने बताया कि वह और उनकी पत्नी केन्ना पार्किंग स्थल के बगल में स्थित अपने अपार्टमेंट में टीवी देख रहे थे, तभी उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी। वह सोफे से कूदकर बाहर भागे ताकि पता चल सके कि क्या हुआ है। मैकइंटायर ने कहा, जैसे ही मैं वहां पहुंचा, मैंने देखा कि कोई जमीन पर पड़ा है। लोग उसको देख रहे हैं और रो रहे हैं और आपस में बहस कर रहे हैं। घटना के बाद मौका-ए-वारदात पर लगभग 100 पुलिस की गाड़ियां मौजूद थीं और हेलीकॉप्टर ऊपर से उड़ान भर रहे थे। मेयर एरिन मेंडेनहॉल ने कहा, पूजा स्थल के बाहर ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था। जीवन के उत्सव के बाहर ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था। एक प्रवक्ता ने कहा कि चर्च कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग कर रहा था और आपातकालीन स्थिति में बचाव कार्य करने वाले कर्मियों के प्रयासों के लिए आभारी था। सैम पेनरोड ने एक बयान में कहा, हम इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं और इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं कि पूजा के लिए बने किसी भी पवित्र स्थान को किसी भी प्रकार की हिंसा का शिकार बनाया जाना चाहिए। इस चर्च का मुख्यालय साल्ट लेक सिटी में है और यूटा के 35 लाख निवासियों में से लगभग आधे लोग इसके अनुयायी हैं।

### रूसी पोत झंडा-पेंट और नाम बदलकर अमेरिकी सेना को चकमा दे रहा था

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका ने रूस के तेल टैंकर मारिनेरा को अटलांटिक महासागर में तब्त कराया, जो पहले बेला 1 नाम से जाना जाता था। यह टैंकर लंबे समय से अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने की कोशिश कर रहा था, लेकिन दो सप्ताह से अधिक नाटकीय पीछा के बाद अमेरिकी तट रक्षक और सैन्य बलों ने इसे रोका।

यह पहली बार माना जा रहा है कि हाल के वर्षों में अमेरिका ने रूसी झंडे वाला तेल टैंकर जब्त किया है। यह जहाज पहले ईरान से आया, स्वेज नहर और जिब्राल्टर पार कर रहा था और वेनेजुएला से तेल लेने की योजना बना रहा था, जब अमेरिका ने अपने प्रतिबंधों को कड़ा कर दिया। 21 दिसंबर को कैरिबियन सागर में अमेरिकी तटरक्षक बल ने टैंकर को रोका, जब यह अभी भी बेला 1 नाम से चल रहा था। अधिकारियों का कहना था कि जहाज वैध राष्ट्रीय झंडा नहीं फहराता था, जिससे उसके पास जब्ती वारंट था। लेकिन चालक दल ने बोर्डिंग की अनुमति नहीं दी और जहाज ने अटलांटिक की ओर भागने की कोशिश की, जबकि अमेरिकी बल लगातार उसे ट्रैक करते रहे। टैंकर के चालक दल ने अपने आप को बचाने के लिए सबसे पहले जहाज के बाहरी हिस्से पर रूसी झंडा पेंट किया। अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून के तहत ऐसा झंडा फहराने पर जहाज उस देश के संरक्षण में माना जाता है। लेकिन अमेरिकी अधिकारियों का कहना था कि यह प्रयास विफल रहा क्योंकि जहाज ने पहली बार बोर्डिंग के समय कोई वैध झंडा नहीं फहराया था। इसके बाद इसे नाम बदलकर मारिनेरा कर दिया गया और रूस के आधिकारिक शिपिंग रजिस्ट्री में शामिल किया गया।

**रूस की अपील:** रूस ने औपचारिक रूप से अमेरिका से अनुरोध किया कि इस टैंकर का पीछा बंद किया जाए। रिपोर्ट्स के अनुसार यह अनुरोध न्यू ईयर ईव पर अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट को दिया गया था। अमेरिका ने इसके बावजूद पीछा जारी रखा, यह कहते हुए कि जहाज अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहा है और ईरानी तेल ले जा रहा है।

# ये है वो देश जहां बैंगनी रंग पहनने पर मिलती है मौत की सजा

● सोने से भी महंगा क्यों था बैंगनी रंग, एक गलती जिसने बदल दिया इतिहास



**लंदन , एजेंसी।**
आज के समय में बैंगनी रंग का कपड़ा पहनना बहुत सामान्य बात है लेकिन इतिहास में एक दौर ऐसा भी था जब इस रंग को पहनने की गलती करने पर किसी भी आम इंसान को सरेआम मौत की सजा दी जा सकती थी। प्राचीन रोमन साम्राज्य से लेकर एलिजाबेथ के शासनकाल वाले इंग्लैंड तक बैंगनी रंग सिर्फ एक फैशन नहीं बल्कि शक्ति और राजशाही का सबसे बड़ा प्रतीक था।

प्राचीन समय में बैंगनी रंग की कीमत हीरे-जवाहरात से भी कहीं ज्यादा थी। इसकी दुर्लभता के पीछे एक चौंकाने वाली वजह थी। उस दौर में आज की तरह केमिकल वाले रंग नहीं होते थे। मशहूर टायरियाई बैंगनी रंग भूमध्य सागर में पाए जाने वाले म्यूरेक्स नाम के एक समुद्री घोंघे से निकाला जाता था। इस रंग को बनाने की प्रक्रिया इतनी जटिल थी कि मात्र एक ग्राम रंग तैयार करने के लिए लगभग 9,000 घोंघों की जान लेनी पड़ती थी।

अपनी इसी दुर्लभता के कारण बैंगनी कपड़ा सोने के वजन के बराबर या उससे भी महंगा बिकता था। प्राचीन रोम- रोमन कानून के अनुसार केवल सम्राट और उनके परिवार के सदस्य ही पूरी तरह से बैंगनी रंग के कपड़े पहन सकते थे। अगर कोई आम नागरिक ऐसा करता पाया जाता तो इसे राजद्रोह माना जाता था और उसे फांसी की सजा तक दी जा सकती थी।एलिजाबेथ प्रथम ने भी इंग्लैंड में सुम्पट्यूरी कानून लागू किए। ये कानून तय करते थे कि व्यक्ति अपनी सामाजिक हैसियत के हिसाब से क्या पहन सकता है।

बैंगनी रंग को केवल शाही परिवार के लिए सुरक्षित रखा गया। नियम तोड़ने वालों को भारी जुर्माना, जेल या संपत्ति की जब्ती का सामना करना पड़ता था। हजारों सालों से चला आ रहा यह शाही एकाधिकार साल 1856 में एक वैज्ञानिक प्रयोग के दौरान अचानक खत्म हो गया।

मात्र 18 साल के एक केमिस्ट विलियम हेनरी पर्किन मलेरिया की दवा (कुनैन) बनाने की कोशिश कर रहे थे। प्रयोग के दौरान उनके बीकर में एक गहरा बैंगनी रंग का पदार्थ बना। सिंथेटिक डाई- पर्किन ने गलती से दुनिया की पहली सिंथेटिक डाई खोज ली थी। अब बैंगनी रंग को घोंघों के बजाय फैक्ट्रियों में बनाना संभव हो गया। सबके लिए उपलब्ध- इस आविष्कार के बाद बैंगनी रंग इतना सस्ता और आम हो गया कि आम जनता भी इसे पहनने लगी। धीरे-धीरे शाही प्रतिबंधों का कोई महत्व नहीं रहा और यह कानून इतिहास के पन्नों में दफन हो गया।

## अमेरिकी ऑपरेशन में मारे गए वेनेजुएला के सैनिकों को भावपूर्ण विदाई



**काराकास, एजेंसी।** वेनेजुएला की सेना ने बुधवार को राजधानी काराकास में उन सैनिकों के लिए एक भावपूर्ण अंतिम संस्कार आयोजित किया, जो हाल ही में हुए अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन में मारे गए थे। इस अभियान में पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को कब्जे में लिया गया था, जिसके बाद देश में गहरा शोक और तनाव फैल गया है। सैनिक ऑर्केस्ट्रा की धुन के बीच शहीद सैनिकों के डंडे पर लेटे ताबूतों को वेनेजुएला का झंडा ढकता दिखाई दिया। परिवारों और सैनिकों ने उन शवों के पीछे चलकर आखिरी विदाई दी। कई अधिकारियों के बीच ताबूतों को जमीन में समर्पित करते समय गन सैल्यूट भी दिया गया। वेनेजुएला की सेना ने कहा है कि कम से कम 24 सुरक्षा अधिकारी इस ऑपरेशन में मारे गए, जिनमें कई उच्च रैंक के अधिकारी भी शामिल हैं। वहीं, क्यूबा ने भी पुष्टि की है कि 32 क्यूबाई सैन्य और पुलिस कर्मी जो वेनेजुएला में तैनात थे, उनकी भी मौत हुई। इस फैसले के बाद क्यूबा में भी दो दिनों का शोक मनाया गया। शहीदों के सम्मान में कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने सात दिन का शोक घोषित किया है। उन्होंने कहा कि देश इन वीरों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा और उनके परिवारों के साथ खड़ा रहेगा। इन मौतों की जांच युद्ध अपराध के दायरे में की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अमेरिका ने मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस पर नशे के खिलाफ आरोपों के तहत मामला चलाने के लिए उन्हें हिरासत में लिया गया था।
और मादुरो ने अमेरिकी अदालत में अपना दावा उत्तरदायी नहीं बताया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस ऑपरेशन ने गंभीर विवाद और आलोचना को जन्म दिया है। कई देश और संगठनों ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन और नागरिक हताहतों पर चिंता जताई है, वहीं अमेरिका ने इसे लोकतंत्र बहाल करने और कानून लागू करने का कदम बताया है।

## मादुरो के बाद अब वेनेजुएला के सुरक्षा प्रमुख पर निशाना

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने के बाद इस लैटिन अमेरिकी देश की व्यवस्था बनाए रखने में मदद न करने की स्थिति में सुरक्षा बलों के प्रमुख डियोसडाडो कैबेलो को निशाना बनाने की बात कही है। कैबेलो मानवाधिकार हनन के आरोपी रहे हैं और मादुरो के बेहद करीबी रहे हैं। उल्टा भी पड़ सकता है अमेरिका का ये दांव ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला के कट्टरपंथी गृह मंत्री को इस बाबत चेताया भी है। यह जानकारी मामले से परिचित तीन अहम सूत्रों ने दी है। तीनों सूत्रों ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि अमेरिकी अधिकारी कैबेलो को लेकर विशेष रूप से चिंतित हैं। अमेरिका को संदेह है कि वे अपने अतीत और अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ प्रतिद्वंद्विता के इतिहास को देखते हुए, व्यवस्था बिगाड़ सकते हैं। हालांकि अमेरिका जानता है कि कैबेलो को हटाना काफी जोखिम भरा हो सकता है। ऐसा करने से संभवतः सरकार समर्थक मोटरसाइकिल समूहों, जिन्हें कलेक्टिवोस के नाम से जाना जाता है, सड़कों पर उतर जाएं। वाशिंगटन जिस अराजकता से बचना चाहता है। इसके साथ ही संभावित लक्ष्यों की सूची में रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैड्रिनो भी शामिल हैं, जिन पर कैबेलो की तरह ही अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी का आरोप है और दो सूत्रों के अनुसार, उनके सिर पर करोड़ों डॉलर का इनाम अमेरिका ने रख रखा है। मादुरो के करीबी ही संभालेंगे वेनेजुएला के सत्ता मामले से संबंधित सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने सीआईए के एक गोपनीय आकलन को स्वीकार कर लिया है। इसमें यह निष्कर्ष निकाला गया है कि मादुरो के शीर्ष सहयोगी ही अंतरिम रूप से देश का संचालन करने में उपयुक्त होंगे। ट्रंप प्रशासन ने फिलहाल मादुरो के सहयोगियों के साथ काम का फैसला किया है, क्योंकि उन्हें चिंता है कि अगर वे लोकतांत्रिक सत्ता हस्तांतरण को थोपने की कोशिश करते हैं तो अराजकता फैल सकती है, और उनके करीबी तख्तापलट कर सकते हैं। ऐसे में ट्रंप पूरी स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।

# बांग्लादेश-पाकिस्तान के बीच जेएफ-17 लड़ाकू विमान को लेकर बातचीत

**ढाका, एजेंसी।**
बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच जेएफ-17 लड़ाकू विमान को लेकर एक बड़ा रक्षा समझौता होने की संभावना जताई जा रही है। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट डेली स्टार ने पाकिस्तानी सेना के हवाले से बताया कि बांग्लादेश और पाकिस्तान के वायु सेना प्रमुखों ने ढाका को जेएफ-17 लड़ाकू विमान की बिक्री से संबंधित संभावित समझौते पर बातचीत की।

पाकिस्तानी सेना के प्रेस विंग का हवाला देते हुए डेली स्टार ने बुधवार को बताया कि यह बातचीत इस्लामाबाद में हुई। पाकिस्तान के वायु सेना प्रमुख जहीर अहमद बाबर सिद्धू और उनके बांग्लादेशी समकक्ष हसन



महमूद खान ने चीन के साथ संयुक्त रूप से विकसित बहु-भूमिका लड़ाकू विमान जेएफ-17 थंडर की खरीद पर विस्तृत चर्चा की।

डेली स्टार के अनुसार मंगलवार को जारी बयान में कहा गया है कि इस्लामाबाद ने ढाका को सुपर मुश्शक प्रशिक्षण विमान की जल्द डिलीवरी के साथ-साथ संपूर्ण प्रशिक्षण और दीर्घकालिक सहायता प्रणाली का आश्वासन दिया। यह बैठक बांग्लादेश में पाकिस्तान के उच्चायुक्त इमरान हैदर की बीते साल 28 दिसंबर को ढाका के स्टेट गेस्ट हाउस में मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस से शिष्टाचार भेंट करने के कुछ ही समय बाद हुई।

मुख्य सलाहकार के प्रेस विंग के अनुसार बैठक के दौरान पाकिस्तान के उच्चायुक्त ने कहा कि ढाका-कराची के बीच सीधी उड़ानें जनवरी में शुरू होने की उम्मीद है। जेएफ-17 थंडर पाकिस्तान और चीन की ओर से संयुक्त रूप से विकसित एक आधुनिक, बहु-भूमिका लड़ाकू विमान है। हालांकि, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ये चीनी तकनीक वाला विमान फुस्स साबित हुआ था। इसकी प्रमुख खूबियां इस प्रकार हैं: मल्टी-रोल क्षमता: यह एयर-टू-एयर, एयर-टू-ग्राउंड और एयर-टू-सी मिशन में सक्षम है। विविध हथियार क्षमता: यह हवा-से-हवा और हवा-से-ज़मीन मिसाइलों, स्मार्ट बम और एंटी-शिप मिसाइल ले जाने में सक्षम है।

कम लागत और आसान रखरखाव: इसकी परिचालन लागत अपेक्षाकृत कम है, जिससे विकासशील देशों के लिए आकर्षक विकल्प बनता है। पाकिस्तान के साथ बढ़ रही बांग्लादेश की नजदीकी बैठक में दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश और विमानन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ सांस्कृतिक, शैक्षिक और चिकित्सा आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की।

# बीएनपी नेता की गोली मार कर हत्या

**ढाका , एजेंसी।**
बांग्लादेश में युवा नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद से ही चुनाव पूर्व राजनीतिक हिंसा जारी है। बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) की स्वयंसेवी शाखा स्वेच्छासेवक दल के नेता अजीजुर रहमान मुसब्बीर की मंगलवार रात हत्या कर दी गई। पुलिस और पार्टी सूत्रों ने बताया कि राजधानी ढाका में अज्ञात हमलावरों ने मुसब्बीर की गोली मारकर हत्या कर दी।

बांग्लादेश में आगामी 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनावों से पहले हिंसा बढ़ने के चलते मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि उस्मान हादी के परिजनों ने भी यूनुस पर चुनावों को टालने के लिए उनकी



हत्या का आरोप लगाया था।

**बांग्लादेश में राजनीतिक हिंसा का दौर:** रिपोर्ट के अनुसार बीएनपी की स्वयंसेवी शाखा स्वेच्छासेवक दल के महासचिव मुसब्बीर को ढाका के कारवान बाजार स्थित सुपर स्टार होटल के पास रात करीब 8:30 बजे अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। ढाका महानगर पुलिस (तेजगांव जोन) के अतिरिक्त उपायुक्त फजलुल करीम ने बताया कि उन्हें पंथापथ स्थित बीआरबी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, इस हमले में एक शख्स सुफियान मसूद घायल हो गया, जो तेजगांव थाना वन श्रमिक संघ के महासचिव हैं। पार्टी सदस्यों ने बताया कि मुसब्बीर ने शाम को सुपर स्टार होटल में शरीयतपुर के निवासियों के एक समूह के साथ एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद मुसब्बीर और मसूद पास की एक गली में चल रहे थे, तभी दो लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं।

पुलिस ने बताया कि हमलावर पैदल ही मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद स्थानीय बीएनपी कार्यकर्ताओं सहित लोगों के एक समूह ने सोनारगांव चौराहे के पास विरोध प्रदर्शन किया। परिवार के सदस्यों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुसब्बीर ने अपना अधिकांश समय अवामी लीग शासन के दौरान जेल में बिताया और कई राजनीतिक मामलों में उन्हें बार-बार गिरफ्तार किया गया।

हिंसक झड़प में 4 लोगों की मौत

## अफगानिस्तान में सोने के लिए खून-खराबा



**काबुल, एजेंसी।** उत्तरी अफगानिस्तान में स्थानीय निवासियों और सोना खनन कंपनी के संचालकों के बीच झड़प में चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन काने ने बताया कि मंगलवार को तखर प्रांत के 'चाह अब जिले में हिंसा में तीन स्थानीय निवासी और कंपनी का एक कर्मचारी मारा गया। उन्होंने यह नहीं बताया कि झड़प किस वजह से हुई या कंपनी का मालिक कौन है।

काने की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि इस मामले में कंपनी के एक सुरक्षा कर्मचारी और एक सथानीय निवासी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने तुरंत व्यवस्था बहाल की और तखर के उप राज्यपाल ने भी स्थिति का जायजा लेने के लिए जिले का दौरा किया।

कंपनी का कामकाज निलंबित कर दिया गया है। प्रांतीय प्रवक्ता अकबर हकानी ने कहा कि अधिकारियों ने भी घटनास्थल का दौरा किया और मामले की जांच की जा रही है। अफगानिस्तान की सत्तारूढ़ तालिबान सरकार ने 2023 में कहा था कि उसने 6.5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश वाले सात खनन अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से सबसे बड़ा सौदा है। अफगानिस्तान कोयला, तांबा, लौह अयस्क, जस्ता, सोना और चांदी जैसी धातुओं के अलावा खनिजों से भी समृद्ध है।

# सीईएस-2026 में बढ़ेगी भारतीय टेक कंपनियों की धमक, अल्ट्राह्यूमन जैसे स्टार्टअपस लाएंगे नवाचार

**लंदन, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े प्रौद्योगिकी मेले कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सीईएस) में भारतीय कंपनियों और स्टार्टअप की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है। आने वाले वर्षों में भारतीय टेक एवं स्टार्टअप कंपनियों की भागीदारी और बढ़ने की उम्मीद है। सीईएस के उपाध्यक्ष जॉन केली ने कहा, आप कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो में भाग लेने वाले भारतीय स्टार्टअप की संख्या में लगातार वृद्धि देख रहे हैं। निश्चित रूप से, हम आने वाले वर्षों में व्यापक भारतीय भागीदारी का स्वागत करते हैं।

केली ने विशेष रूप से बंगलूरू स्थित प्रौद्योगिकी एवं वियरेबल कंपनी अल्ट्राह्यूमन का जिक्र किया। कहा, हम सीईएस-2026 में उनका स्वागत कर वास्तव में उत्साहित हैं। अल्ट्राह्यूमन के उत्पादों में दुनिया का सबसे हल्का स्लीप-ट्रैकिंग वियरेबल (स्मार्ट रिंग),



एक निरंतर ग्लूकोज मॉनिटरिंग मंच (कंटीन्यूअस ग्लूकोज मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म) और एक प्रिवेंटिव ब्लड टेस्टिंग प्लेटफॉर्म शामिल हैं।

कंज्यूमर टेक्नोलॉजी एसोसिएशन के कार्यकारी प्रमुख गैरी शापिरो ने कहा कि 9 जनवरी तक चलने वाले इस शो में वैश्विक कंपनियां, स्टार्टअप और उद्योग जगत के लोग शिरकत कर रहे हैं। केली ने बताया, इस साल सीईएस में करीब 150 देशों की भागीदारी है। कई भारतीय कंपनियां, स्टार्टअप और व्यापार संवर्धन संगठन भी भाग ले रहे हैं। वैश्विक भागीदारी: शो में उपस्थित 40 फीसदी लोग और प्रदर्शन अमेरिका से बाहर के।

नवाचार पर जोर: करीब 4,000 से अधिक प्रदर्शक डिजिटल हेल्थ, ऊर्जा, रोबोटिक्स, एआई और मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में अपना नवाचार दिखा रहे हैं।

1,300 से ज्यादा वक्ताओं की मौजूदगी। 400 से अधिक सत्रों का आयोजन होगा।

कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक शो में 2024 में पहला भारतीय मंडप बनाया गया था। सीईएस की वेबसाइट के मुताबिक, कई भारतीय कंपनियां और स्टार्टअप इस बार अपनी तकनीक एवं नवाचार का प्रदर्शन कर रही हैं।

नॉइज (गुरुग्राम): प्रमुख ग्लोबल स्मार्टवॉच ब्रांड। आर्व्या एक्स टेक्नोलॉजीज (भोपाल): स्यूडो-रियलिटी फर्म। आबो: एआई-संचालित स्वास्थ्य समाधानों में विशेषज्ञ मेडटेक कंपनी। सोना कॉमस्टार: ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी कंपनी।

जूनडिया: ग्लोबल टेक्नोलॉजी पार्टनर - मोबाइल एवं टेलीकॉम संघ।

# गायकवाड़ लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा औसत वाले बल्लेबाज बने, ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज को पीछे छोड़ा

**जयपुर (राजस्थान) (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के ऋतुराज गायकवाड़ ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा औसत वाले बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया है। कुछ ही दिन पहले उन्हें न्यूजीलैंड सीरीज के लिए भारत की वनडे टीम से बाहर कर दिया गया था। उनका शानदार औसत 58.83 ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज माइकल बेवन के 57.86 से ज्यादा है जिससे वह औसत के हिसाब से लिस्ट ए क्रिकेट में टॉप रैंक वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने यह उपलब्धि गुरुवार को चल रही विजय हजारे ट्रॉफी (VHT) में गोवा के खिलाफ हासिल की, जब उन्होंने जयपुर में महाराष्ट्र के लिए 131 गेंदों पर नाबाद 134 रन बनाए। गायकवाड़ ने लिस्ट ए क्रिकेट में 102.20 के शानदार स्ट्राइक रेट से 5,060 रन बनाए हैं। गायकवाड़ ने 20 लिस्ट ए शतक और 5000 रन बनाने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बनकर भी इतिहास रचा, उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 99 पारियों में हासिल की।

न्यूजीलैंड वनडे टीम से बाहर किए जाने के बाद गायकवाड़ ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला वनडे शतक बनाया था, ने इस सीजन का अपना दूसरा शतक लगाया और टूर्नामेंट के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा शतकों के लिए अंकित बावने के रिकॉर्ड की बराबरी की, दोनों के 15-15 शतक हैं। जहां बावने के शतक 101 मैचों में आए हैं। वहीं गायकवाड़ ने वहां तक पहुंचने के लिए सिर्फ 59 मैच लिए। गायकवाड़ की निरंतरता न सिर्फ उनके शतकों में बल्कि सभी फॉर्मेट में उनके आंकड़ों में भी दिखती है। गायकवाड़ ने 59 VHT मैचों में 65.41 के शानदार औसत और 105.00 के स्ट्राइक रेट से 3336 रन बनाए हैं।

गायकवाड़ की 131 गेंदों में 134* रनों की जुझारू पारी जिसमें 8 चौके और 6 छक्के शामिल थे, ने महाराष्ट्र को 249/7 तक पहुंचाया जिसमें विक्की ओत्सवाल (82 गेंदों में 53 रन, दो चौके और दो छक्के) ने एक महत्वपूर्ण अर्धशतक बनाया। गोवा के रन चेज़ में ललित यादव ने 67 गेंदों में नाबाद 57* रन बनाकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिसमें 5 चौके और एक छक्का शामिल था, लेकिन वे 5 रन से पीछे रह गए और प्रशांत सोलंकी (4/56) की शानदार चार विकेट की बदौलत उन्हें 244/9 पर रोक दिया गया।




# अकाने यामागुची रिटायर, पीवी सिंधु 13 महीनों में अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंची



**कुआलालम्पुर (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शुक्रवार को हराकर सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु को तीसरी सीड जापान की अकाने यामागुची के रिटायर होने से सेमीफाइनल में प्रवेश मिल गया। यामागुची पहला गेम 21-11 से हारने के बाद मैच से रिटायर हो गईं।

सिंधु एक साल से ज्यादा समय बाद अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जब सीज़न के पहले मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची पहले गेम के बाद चोट के कारण रिटायर हो गईं। सिंधु गुरुवार को यामागुची की हमवतन टोमोका मियाज़ाकी पर शानदार जीत के साथ क्वार्टर में पहुंची थीं, लेकिन यामागुची के खिलाफ मुकाबला इतना आसान होने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन यामागुची अपनी पुरानी फॉर्म में नहीं दिख रही थीं, क्योंकि सिंधु ने पहले गेम के इंटरवल में 11-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बीच में पूर्व खिलाड़ी शॉट लगाने की कोशिश में चोटिल हो गईं और उनके टखने में मोच आ गई। पहला गेम खत्म होने में थोड़ा समय लगा, सिंधु ने इसे सिर्फ 12 मिनट में 21-11 से जीत लिया। इसके खत्म होने के तुरंत बाद, यामागुची अंपायर के पास गईं और उन्हें मैच से रिटायर होने के अपने फैसले के बारे में बताया और सिंधु से हाथ मिलाया। सिंधु आखिरी बार दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल में सेमीफाइनल में पहुंची थीं, जहां उन्होंने हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराया था और फिर फाइनल में चीन की वूओ लुओ यू को आसानी से हराकर खिताब जीता था।

वह सिंधु की आखिरी जीत थी और वह मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झी यी या छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी में से किसी एक का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सिंधु, जो पैर की चोट के कारण बाहर थीं और अक्टूबर के बाद किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था, ने मियाजाकी पर अपनी जीत के बाद टॉप-लेवल प्रदर्शन बनाए रखने में फिटनेस के महत्व पर जोर दिया।

# यूनाइटेड कप : ऑस्ट्रेलिया को हराकर पोलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा



**सिडनी (एजेंसी)।** पोलैंड ने शुक्रवार रात सिडनी में क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ निर्णायक मिक्स्ड डबल्स जीतकर पिछले साल यूनाइटेड कप फाइनल में यूनाइटेड स्टेट्स से मिली हार का बदला लेने का मौका हासिल कर लिया। शाम को पहले इगा स्वियाटेक और एलेक्स डी मिनौर ने अपने-अपने देशों के लिए अलग-अलग सिंगल्स मैच जीते, जिसके बाद जान जिलिंस्की और कटारजीना कावा ने जॉन-पैट्रिक स्मिथ और स्टॉर्म हंटर को 6-4, 6-0 से हराकर पोलैंड की जीत पक्की कर दी।

लगातार चौथे साल सेमीफाइनल में पहुंचकर पोलैंड को शनिवार रात डिफेंडिंग चैंपियन यूनाइटेड स्टेट्स से भिड़ने का मौका मिलेगा, जब सिंगल्स मैच - स्वियाटेक बनाम कोको गॉफ और हुरकाज बनाम टेलर फ्रिट्ज - 2025 के फाइनल की तरह ही होंगे। पिछले साल गॉफ ने 6-4, 6-4 से जीत हासिल की थी, जबकि हुरकाज को फ्रिट्ज से तीसरे सेट के टाई-ब्रेक में दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा था।

शुक्रवार को एक नाटकीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों के भारी समर्थन के सामने, डी मिनौर ने सिडनी में शुक्रवार रात अपने करियर के सबसे शानदार शुरुआती सेट प्रदर्शनों में से एक दिया, जिससे उन्होंने हुरकाज पर 6-4, 4-6 6-4 से जीत हासिल की और आखिरी यूनाइटेड कप क्वार्टर फाइनल को निर्णायक मिक्स्ड डबल्स तक पहुंचाया। वर्ल्ड नंबर 6 ने अपने पहले चार सर्विस गेम में मिले सभी नौ ब्रेक पॉइंट बचाए, जिसमें मैच के दूसरे गेम में चार शामिल थे जिससे ऑस्ट्रेलिया मैच में बना रहा, जबकि पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वियाटेक ने ऑस्ट्रेलियाई टीनएजर माया जॉइंट को 6-1, 6-1 से हरा दिया था।

# शुभमन गिल ने नेट्स में जमकर बहाया पसीना, न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व किया अभ्यास

**वडोदरा (गुजरात) (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे से पहले नेट्स में प्रैक्टिस शुरू कर दी है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज रविवार से शुरू हो रही है। पिछले महीने पैर की उंगली में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका टी20 सीरीज से बाहर होने के बाद गिल की भारतीय टीम में वापसी होगी और आखिरकार उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत की टीम से बाहर कर दिया गया था।

इंस्टाग्राम पर गिल ने वडोरा में एक प्रैक्टिस सेशन की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। पिछले कुछ महीनों में गिल चोटों से जूझ रहे हैं। पैर की उंगली में चोट लगने से पहले पिछले साल गर्दन की चोट के कारण उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से भी बाहर कर दिया गया था। उन्होंने सीरीज के बाकी मैचों में नहीं खेला जिसमें ऋषभ पंत ने भारत की कप्तानी की थी।

गिल 50 ओवर के फॉर्मेट में कीवी टीम के खिलाफ शानदार रहे हैं। उन्होंने सिर्फ 12 मैचों में 69.22 की शानदार औसत से 623 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और 5 अर्धशतक शामिल हैं। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला वनडे दोहरा शतक (208) भी बनाया था। इस बीच भारतीय मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को भी न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल होने की मंजूरी मिल गई है।

इस महीने की शुरुआत में श्रेयस को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे टीम में शामिल किया गया था, जिसमें उनकी भागीदारी उनकी फिटनेस और ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान लगी प्लीहा की चोट से उबरने के बाद बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) से मंजूरी पर निर्भर थी। श्रेयस ने चल रही विजय हजारे ट्रॉफी (VHT) में मुंबई की कप्तानी की है और अब तक दो मैच खेलने के बाद वह कीवी वनडे के लिए मजबूत दिख रहे हैं।



श्रेयस फिलहाल भारत के वनडे उप-कप्तान हैं और पिछले साल अक्टूबर में सिडनी में तीसरे वनडे के दौरान एक शानदार डाइविंग कैच लेते समय उन्हें प्लीहा में चोट लगी थी। मैच के बाद उन्हें अंदरूनी ब्लीडिंग के कारण तुरंत अस्पताल ले जाया गया और बाद में टेस्ट में पता चला कि उनकी स्प्लीन फट गई थी। इस चोट के कारण वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (SMAT) और साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू वनडे मैचों में नहीं खेल पाए।

### न्यूजीलैंड सीरीज के लिए भारत की वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान)*, वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत (WK), नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल।

# कलिंगा लांसर्स ने बंगाल टाइगर्स को 2-1 से हराकर हासिल किया दूसरा स्थान

चेन्नई। वेदांता कलिंगा लांसर्स ने गुरुवार को चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में श्राची बंगाल टाइगर्स पर कड़े मुकाबले में 2-1 से जीत हासिल करके पुरुषों की हीरो हॉकी इंडिया लीग 2025-26 में अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी। वेदांता कलिंगा लांसर्स के लिए अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (52') और बॉबी सिंह धामी (57') ने गोल किए, जबकि टाइगर्स के लिए एकमात्र गोल अफ्फान यूसुफ (56') ने किया। यह लांसर्स की लगातार दूसरी जीत थी, जिससे वे पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। मैच के बारे में बात करते हुए हेड कोच जे स्टेसी ने कहा, 'यह उतार-चढ़ाव वाला एक कठिन मैच था। पहला क्वार्टर हमारा था, दूसरा टाइगर्स का था, हाई-लेवल हॉकी में अक्सर ऐसा ही होता है। उसके बाद मुकाबला काफी बराबरी का था, लेकिन हमने बहुत जल्दी बहुत ज़्यादा करने की कोशिश में कुछ टर्नओवर किए।' लांसर्स ने चेन्नई लेग का अंत लगातार 2 जीत के साथ किया और अब वे 11 जनवरी को रांची में अपने अगले मैच में एचआईएल जीसी का सामना करेंगे।



# तीरंदाज अंकिता की नजरें एशियाई खेलों पर लगीं

नई दिल्ली। तीरंदाज अंकिता भकत आजकल 2026 एशियाई खेलों की तैयारियों में लगी हैं। अंकिता एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हैं। इसमें वह अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ औसत स्कोर पार करना चाहती हैं। उनका मानना है कि अगर तकनीक पर पूरी पकड़ बन गई, तो वह बड़े मंच पर देश के लिए बड़ा पदक जीत सकती हैं। अंकिता ने अपनी मेहनत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से पहचान बनाई है। पिछले साल उसने दक्षिण कोरिया में विपरीत हालातों में अभ्यास किया था। पेरिस ओलंपिक 2024 में चौथे स्थान पर रहने के कुछ महीनों बाद ही उन्होंने खुद को और बेहतर बनाने का फैसला लिया। अंकिता ने हाल ही में टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता कांग चेयॉन्ग और जांग मिन ही को हराया, वहीं पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट सु-ह्योन पर भी जीत दर्ज की। ऐसे में अब वह एशियाई खेलों को लेकर उत्साह से भरी हैं। अंकिता ने बहुत कम उम्र में कोलकाता के सर्कस ग्राउंड से तीरंदाजी शुरू की थी। लकड़ी के धनुष से शुरुआत कर उन्होंने टाटा आर्चरी अकादमी, जमशेदपुर तक का सफर तय किया। 2016 में पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली और तब से अब तक वह कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। 2023 एशियन गेम्स में टीम ब्रॉन्ज भी उनके खाते में है। पेरिस ओलंपिक में हालांकि कुछ निर्णायक तीर निशाने से रह गये थे जिससे वह असफल रहीं। अंकिता का साफ कहना है कि हर खिलाड़ी से कभी-कभी गलती होती है और वह उन पलों को सीख की तरह लेती हैं। कोच के अनुसार वह अब पहले से बेहतर हुई है।



# अभी हमारा ध्यान टी20 नहीं एकदिवसीय सीरीज पर : मिचेल

**वडोदरा (एजेंसी)।** न्यूज़ीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने कहा है अभी उनका ध्यान भारतीय टीम के खिलाफ 11 जनवरी से शुरु होने वाली एकदिवसीय सीरीज पर है। इसलिए टीम अभी उसी की तैयारी में लगी है। इसके समाप्त होने के बाद ही टीम अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप को लेकर अपनी रणनीति बनाएगी। मिचेल का मानना है कि भारतीय टीम के टी20 सीरीज में उनके बल्लेबाजों के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर वरुण चक्रवती का सामना करना आसान नहीं होगा।

इस बल्लेबाज के अनुसार अभी टीम उस सीरीज हो देख रही है जो सामने है। इसलिए अभी टी20 विश्वकप के बारे में सोचा नहीं जा सकता। मिचेल ने कहा, टी20 विश्व कप अभी एक महीने दूर है।




इसलिए अभी हम केवल एकदिवसीय सीरीज में ही बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। भारतीय टीम के पास बुमराह और वरुण जैसे शानदर गेंदबाज हैं, जो हमारे लिए चुनौतियां पेश करेंगे।

तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय खेल होगी। एकदिवसीय सीरीज में भारतीय टीम विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ उतरेगी जिससे किवी गेंदबाजों को काफी अच्छी गेंदबाजी करनी होगी। ये मुकाबले टी20 वर्ल्ड कप से पहले लय हासिल करने का अवसर भी देते हैं, मिचेल ने साफ किया कि टीम इसे केवल अभ्यास नहीं, बल्कि एक अहम द्विपक्षीय सीरीज की तरह ही ले रही है। मिचेल ने भारतीय पिचों को लेकर भी अपनी बात रखी और कहा कि यहां की परिस्थितियों में ढलना विदेशी टीमों के लिए हमेशा कठिन रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि टर्न लेती पिचें कीवी बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ी परेशानी होंगी।उन्होंने कहा, एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के तौर पर आपको दुनिया भर के हालातों के अनुसार अपने को ढालना होता है। भारत में खेलना हमेशा एक बड़ी चुनौती होती है।

# उम्र बढ़ने के साथ और बेहतर खिलाड़ी हो रहा हूं : दुनिया के सबसे उम्रदराज पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी



तोक्यो। दुनिया के सबसे उम्रदराज पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी जापान के काजुयोशी मियूरा का मानना है कि बढ़ती उम्र के साथ उनका खेल और बेहतर होता जा रहा है। 'किंग काज़ू' के नाम से पहचाने वाले मियूरा अगले महीने 59 बरस के हो जाएंगे। उन्होंने शुक्रवार को तोक्यो में जे-लीग (जापान की घरेलू फुटबॉल लीग) की तीसरी डिवीजन क्लब फुकुशिमा यूनाइटेड एफसी से जुड़ने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं जितना ज्यादा अपने जुनून का पीछा करता हूं, वह उतना ही वह बढ़ता जाता है। भले ही मेरी उम्र बढ़ रही है लेकिन मुझे लगता है कि मेरा जोश पहले से भी ज़्यादा बढ़ रहा है।' फुकुशिमा यूनाइटेड ने मियूरा को योकोहामा एफसी से उधार (लोन पर) लिया है। वह पिछले सत्र में चौथी डिवीजन क्लब एटलेटिको सुजुका के लिए लोन पर खेले थे। इस 58 साल के खिलाड़ी ने हालांकि सुजुका के लिए खेले गए सात मैचों में कोई गोल नहीं किया था। मियूरा ने जापान के अलावा ब्राजील, इटली, क्रोएशिया, ऑस्ट्रेलिया और पुर्तगाल में पेशेवर फुटबॉल खेला है। उन्होंने 1986 में ब्राजील के प्रसिद्ध क्लब सैंटोस से अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की थी। दुनिया से सबसे महान खिलाड़ियों में शुमार पेले ने इस क्लब को विश्व प्रसिद्ध बनाया। मियूरा 2017 में, 50 वर्ष की उम्र में पेशेवर मैच में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। इससे पहले यह रिकॉर्ड इंग्लैंड के महान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी स्टेनली मैथ्यूज के नाम था। मियूरा जापान फुटबॉल के शुरुआती बड़े सितारों में से एक रहे हैं। 1990 के दशक में उन्होंने जापान की राष्ट्रीय टीम के लिए 89 मैचों में 55 गोल किए हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी प्रबल इच्छा है कि मैं मैच में अच्छा प्रदर्शन करूं। मैं इसके लिए पूरी तैयारी करूंगा और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दूंगा।'

# श्रीलंका ने राठौड़ को बल्लेबाजी कोच बनाया



कोलंबो। श्रीलंका ने टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ को अपने साथ जोड़ा हैं। अब राठौड़ श्रीलंकाई टीम के बल्लेबाजी कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। राठौड़ को बल्लेबाजी कोच का खासा अनुभव है और वह राहुल द्रविड़ के कार्यकाल में भारतीय पुरुष टीम के बाजी कोच रहे थे और 2024 में टी20 विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। श्रीलंका अपना पहला मैच 8 फरवरी को आयरलैंड से खेलेगा। विश्वकप की मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रुप से कर रहे हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार राठौड़ 15 जनवरी तक टीम से जुड़ जाएंगे। राठौड़ एक सफल प्रथम श्रेणी बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए 6 टेस्ट और 7 एकदिवसीय खेले हैं। उन्होंने बल्लेबाजी कोच के रूप में अहम भूमिका निभाई है। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीत (2020-21) और 2023 विश्व कप में भी वह भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच थे। इसके साथ ही वह घरेलू और आईपीएल टीमों के भी कोच रहे हैं।

# डब्ल्यूपीएल से भारतीय खिलाड़ियों में 'विनिंग माइंडसेट' आया है : हरमनप्रीत कौर

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि भारत सिर्फ़ एक विश्व कप जीत से संतुष्ट नहीं है, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान और भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य टी20 विश्व कप 2026 है और डब्ल्यूपीएल उस लक्ष्य तक पहुंचने का एक अहम रास्ता है। दोनों ने डब्ल्यूपीएल2026 के उद्घाटन मैच से पहले बताया कि आने वाला यह सीजन किस तरह वनडे चैंपियन को टी20 विश्व कप चैंपियन बनने में मदद कर सकता है।

मंधाना ने कहा, 'अगर हम टी20 विश्व कप जीतते हैं, तो बहुत बढ़िया होगा। हमने वनडे विश्व कप जीता है, लेकिन टीम में अभी भी बहुत सी चीज़ें हैं, जिन पर हमें काम करना है। हम सच में ऐसा समय चाहते हैं, जब हम कह सकें कि 'हां हम दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम हैं।' मुझे लगता है कि हमें अभी भी बहुत सुधार करना है। मुझे पूरा भरोसा है कि डब्ल्यूपीएल इस अंतर को आने वाले सालों में कम करेगा। जब भी हम भारत के लिए खेलते हैं, हम हमेशा बात करते हैं कि हम सिर्फ एक या दो टूर्नामेंट के लिए नहीं, बल्कि पूरे साल दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम बनना चाहते हैं। मैं सोचती हूं कि हर डब्ल्यूपीएल हमें उस लक्ष्य के और करीब ले जा रहा है।'

उन्होंने कहा, 'वनडे विश्व कप जीते हुए डेढ़ महीना ही हुआ है और डब्ल्यूपीएल उसी लय को आगे बढ़ाएगा। डब्ल्यूपीएल में लौटना हमेशा रोमांचक रहता है क्योंकि घरेलू खिलाड़ी, विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलते हैं और यह अनुभव महिला क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा है। तो मुझे भरोसा है कि डब्ल्यूपीएल उस मोमेंटम को आगे ले जाएगा, जो हमें विश्व कप ने दिया और उम्मीद है कि यह हमेशा ऐसे ही चलता रहे।'

वहीं हरमनप्रीत ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी है कि भारतीय टीम में आ रही युवा खिलाड़ी, सीनियर खिलाड़ियों के लक्ष्य से जुड़ी हुई हैं और इसका श्रेय डब्ल्यूपीएल को जाता है, जिसने 'जीतने वाली सोच' दी है। उन्होंने कहा, 'हम सिर्फ एक विश्व कप से संतुष्ट नहीं हैं। हमारे पास इस साल और अगले दो-तीन साल में बहुत क्रिकेट है। हर बार जब हम मैदान पर जाते हैं, तो हम सबसे बेहतरीन माइंडसेट के साथ जाना चाहते हैं और वही माइंडसेट हमारे लिए सबसे जरूरी है।'

भारतीय कप्तान ने कहा, 'अच्छी बात यह है कि सिर्फ़ हम ही नहीं, बल्कि बाकी खिलाड़ी भी यही सोचते और बोलते हैं कि हम हमेशा चैंपियन बनना चाहते हैं। इससे दिखता है कि डब्ल्यूपीएल ने हम पर कितना बड़ा असर डाला है।' हरमनप्रीत ने यह भी समझाया कि यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को दबाव में खेलने के लिए कैसे तैयार करता है। अब खिलाड़ी अपने कंफ़र्ट ज़ोन में नहीं हैं। वे बहुत मेहनत कर रहे हैं। वे विदेशी खिलाड़ियों के साथ और ख़िलाफ़ खेल रहे हैं, तो वे उनसे बहुत कुछ सीख रहे हैं। अब वह गैप नहीं है, जो पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में महसूस होता था। मुझे लगता है डब्ल्यूपीएल ने हमारी क्रिकेट पर बहुत बड़ा असर डाला है। टीम के तौर पर हमें ख़ुशी है कि हम बड़े लक्ष्य स्थापित कर रहे हैं।' इंग्लैंड में टी20 विश्व कप शुरू होने में छह महीने से भी कम समय बचा है, ऐसे में मंधाना ने बताया कि डब्ल्यूपीएल उन खिलाड़ियों के लिए मौका है जो अभी भारतीय टीम में नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'जब डब्ल्यूपीएल में नई प्रतिभाएं उभरकर सामने आती हैं, तो यह बहुत रोमांचक होता है। मैं कभी नहीं कहूंगी कि दरवाजे बंद हैं और यहां से किसी को कुछ नहीं मिलेगा। अगर कोई खिलाड़ी बहुत शानदार प्रदर्शन करता है, तो टी20 विश्व कप का मौका जरूर बनता है। वह (हरमनप्रीत) भी इससे सहमत होंगी। लेकिन यह भी देखना होगा कि वह खिलाड़ी कहां फिट बैठती है। लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि अगर किसी ने डब्ल्यूपीएल में अच्छा खेला तो हमेशा मौका रहता है।'




# स्टोइनिस ने बाबर के आउट होने पर मनाया जश्न, सोशल मीडिया में आया वीडियो

सिडनी। मेलबर्न स्टार्स के गेंदबाज मार्कस स्टोइनिस ने बिग बैश लीग (बीबीएल) के एक मैच में सिडनी सिक्सर्स की ओर से खेल रहे पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम को 14 रनों पर ही आउट कर दिया। स्टोइनिस ने बाबर को एलबीडबल्यू करने के बाद आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इस मैच की पहली पारी में स्टोइनिस का कैच बाबर ने ही पकड़ा था। स्टोइनिस ने 33 रन बनाये थे। ऐसे में जब उन्होंने बाबर को एलबीडब्ल्यू किया तो उनकी खुशी देखते लायक थी। मानो उन्होंने बाबर से बदला पूरा कर लिया हो। अंपायर के बाबर को आउट देने के साथ ही स्टोइनिस ने आक्रामक प्रतिक्रिया दी। वहीं बाबर मायूस होकर मैदान से वापस लौटे। बाबर का बिग बैश लीग में अब तक प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने एक ही मैच में 58 रन बनाये बाकि मैचों में वह दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये थे। उनका स्ट्राइक रेट भी केवल 126 ही रहा। वहीं बाबर के असफल होने के बाद भी इस मुकाबले में स्टोनिस की टीम हारी। मैच में मेलबर्न स्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 128 रन बनाये। वहीं सिडनी सिक्सर्स ने चार विकेट खोकर ये लक्ष्य हासिल कर लिया।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शनिवार 10 जनवरी 2026
Www.vishalindia.in

# उत्तराखंड में सरकारी कर्मचारियों के लिए संपत्ति नियमों में होगा संशोधन

**अब दो महीने के वेतन तक की चल और अचल संपत्ति बिना पूर्व अनुमति खरीद सकेंगे**

**देहरादून ।**

उत्तराखंड सरकार सरकारी कर्मचारियों के संपत्ति अधिग्रहण नियमों में संशोधन करने जा रही है। वर्तमान नियमों के तहत, कर्मचारियों को 5,000 रुपये से अधिक मूल्य की चल संपत्ति खरीदने या बेचने के लिए पूर्व अनुमति और सूचना देना अनिवार्य है। इसके अलावा अचल या मूल्यवान संपत्ति की किसी भी खरीद-बिक्री के लिए भी अनुमति लेना जरूरी है। जुलाई में सरकार ने इस आदेश का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया था, जिसके बाद कर्मचारी संगठनों ने विरोध जताया। उनका कहना था कि यह 2002 का पुराना नियम अब अप्रचलित हो गया है और वर्तमान वेतन के अनुरूप नहीं है। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार कर्मचारी अब दो महीने के वेतन तक की चल और अचल संपत्ति बिना पूर्व अनुमति के खरीद सकते हैं। इस सीमा से अधिक की संपत्ति के लिए अब भी सरकारी अनुमति आवश्यक होगी। कार्मिक सचिव शैलेश बागौली के अनुसार, यह बदलाव केंद्र सरकार के मानदंडों के अनुरूप किया जा रहा है। इसका मकसद प्रक्रियाओं को सरल बनाना, प्रशासनिक बोझ कम करना और कर्मचारियों को छोटी खरीदारी में स्वतंत्रता देना है। प्रस्ताव जल्द ही राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा।



# लॉयड्स एंटरप्राइजेज का कॉल मनी नोटिस जारी




**- 25 करोड़ शेयरों पर भुगतान अनिवार्य**

**मुंबई ।**

लॉयड्स एंटरप्राइजेज ने अपने राइट्स इश्यू से जुड़ी आखिरी किस्त (कॉल मनी) की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बताया कि जिन शेयरों का पूरा पैसा अभी जमा नहीं हुआ है, उन पर अब हर शेयर के लिए 19 रुपये 50 पैसे का भुगतान करना होगा, जिसमें 19 रुपये प्रीमियम शामिल हैं। यह राशि 25 करोड़ से अधिक ऐसे शेयरों पर लागू होगी, जिनकी मूल कीमत 1 रुपये की थी, लेकिन अभी सिर्फ 50 पैसे जमा हुए थे। कंपनी ने 8 जनवरी 2026 को हुई राइट्स इश्यू कमेटी की बैठक में तय किया कि 16 जनवरी 2026 रिकॉर्ड डेट होगी। इसी दिन यह तय होगा कि किन शेयरधारकों को कॉल मनी के लिए नोटिस भेजा जाएगा। रिकॉर्ड डेट के बाद अधूरे भुगतान वाले शेयरों की खरीद-फरोख्त बंद कर दी जाएगी। कॉल मनी का भुगतान 2 फरवरी 2026 से शुरू होकर 16 फरवरी 2026 तक किया जा सकेगा। इस दौरान शेयरधारकों को तय राशि का भुगतान करना होगा, नहीं तो उनके शेयरों के अधिकार रद्द हो सकते हैं। हाल ही में कंपनी का शेयर 1.6 फीसदी गिरकर 62.89 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। हालांकि पिछले एक साल में शेयर ने 19 फीसदी की वृद्धि दर्ज की, जबकि निफ्टी टोटल रिटर्न इंडेक्स इस दौरान सिर्फ 5.83 फीसदी बढ़ा। बीते एक साल में शेयर 51 रुपए से लेकर 76 रुपए तक की सीमा में रहा।

# रूस से तेल खरीद पर भारत को अमेरिकी द्वितीयक प्रतिबंधों का खतरा

**- 500 फीसदी तक शुल्क लगाने का प्रस्ताव**

**नई दिल्ली ।**

रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत को अमेरिका के कड़े द्वितीयक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका में प्रस्तावित सैंक्शनिंग रशिया ऐक्ट 2025 के तहत रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों पर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। इस विधेयक को अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का समर्थन मिल चुका है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा है कि राष्ट्रपति ने इस द्विदलीय विधेयक को हरी झंडी दे दी है। प्रस्तावित कानून के अनुसार, यदि कोई देश जानबूझकर रूसी पेट्रोलियम या यूरेनियम उत्पादों की खरीद में शामिल पाया जाता है, तो अमेरिका उसके उत्पादों और सेवाओं के आयात पर 500 फीसदी तक शुल्क लगा सकता है। अमेरिका पहले ही अगस्त से कई भारतीय उत्पादों पर कुल 50 फीसदी शुल्क लागू कर चुका है, जिसमें 25 फीसदी शुल्क रूस से तेल खरीद से जुड़ा दंड है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतना अधिक शुल्क लगने पर अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात लगभग ठप हो सकता है, जिसकी सालाना कीमत 120 अरब डॉलर से अधिक है।

# सरकार इंडियाएआई मिशन के तहत खरीदेगी एन वि डिया जीपीयू

**- सरकार जल्द आमंत्रित करेगी एक और दौर की बोली**

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार जल्द ही एने वि डिया के नवीनतम बी100 और बी200 जीपीयू की खरीद के लिए नया बोली दौर बुलाएगी। इस दौर का उद्देश्य इन अत्याधुनिक जीपीयू की आपूर्ति के लिए एल1 कीमत निर्धारित करना है। एल1 कीमत वह सबसे कम बोली है जो किसी कंपनी द्वारा जीपीयू आपूर्ति के लिए लगाई जाती है। अधिकारियों ने बताया कि पहले दौर में शामिल अन्य जीपीयू पहले तय की गई एल1 कीमत के अनुसार ही मिशन के तहत शामिल रहेंगे। बी100 और बी200 जीपीयू एने वि डिया के ब्लैकवेल आर्किटेक्चर पर आधारित हैं और उच्च प्रदर्शन वाले एआई और कम्प्यूटेशनल कार्यों के लिए बनाए गए हैं। अधिकारी उम्मीद कर रहे हैं कि बोली में अन्य नवीनतम जीपीयू भी शामिल होंगे, जिससे भारत में एआई रिसर्च और उद्योगों के लिए जीपीयू संसाधनों की विविधता बढ़ेगी। पहले तीन दौर की औसत एल1 कीमत लगभग 115 रुपये प्रति जीपीयू घंटा रही, जबकि एने वि डिया के एच100 जैसी प्रीमियम जीपीयू के लिए यह लगभग 140 रुपये प्रति जीपीयू घंटा तय हुई थी। नए जीपीयू की खरीद के बाद देश में कुल 50,000 से अधिक जीपीयू उपलब्ध होंगे। दिसंबर 2025 तक तीन दौरों में 38,000 से अधिक जीपीयू की आपूर्ति हो चुकी है, जिनमें से लगभग 25,000 जीपीयू सक्रिय हैं। ये जीपीयू विभिन्न स्टार्टअप, उद्योग और शिक्षाविदों द्वारा उपयोग किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि नए बी100 और बी200 जीपीयू की आपूर्ति से एआई मिशन के तहत जीपीयू संसाधन और अधिक मजबूत होंगे।




# वोडाफोन आइडिया के एजीआर बकाया भुगतान की समयसीमा घोषित

**नई दिल्ली ।**

वोडाफोन आइडिया के शेयर ने शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में लगभग 9 फीसदी की तेजी दर्ज की। पिछले बंद 11.50 रुपए के मुकाबले शेयर ने 12.52 रुपए का उच्च स्तर छुआ और वर्तमान में 11.90 रुपए पर ट्रेड कर रहा है। निवेशकों ने सरकार द्वारा बकाया भुगतान पर राहत की घोषणा को सकारात्मक संकेत माना। सरकार ने वोडाफोन आइडिया के एजीआर बकाया 97,695 करोड़ रुपए को फ्रीज कर दिया है और कंपनी को भुगतान के लिए 10 साल की अवधि दी है। मार्च 2026 से मार्च 2031 तक छह वर्षों में प्रति वर्ष 124 करोड़ रुपए तक का भुगतान होगा। इसके बाद मार्च 2032 से मार्च 2035 तक चार साल में प्रति वर्ष 100 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। शेष बकाया राशि मार्च 2036 से मार्च 2041 तक समान वार्षिक किस्तों में चुकाई जाएगी।

# 2026 में भारत की आर्थिक वृद्धि 6.6 फीसदी रहने का अनुमानः संयुक्त राष्ट्र

**- अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाए जाने से भारत के निर्यात पर पड़ सकता है नकारात्मक प्रभाव**

**संयुक्त राष्ट्र ।**

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि 2026 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह 2025 में अनुमानित 7.4 प्रतिशत से थोड़ी कमी को दर्शाता है। रिपोर्ट में भारत को चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में भी असाधारण रूप से उच्च वृद्धि दर्ज करने वाला बताया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार भारत में आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने वाले मुख्य कारक हैं- मजबूत निजी उपभोग और घरेलू मांग, सार्वजनिक निवेश में वृद्धि, कर सुधार और कम ब्याज दरें और अच्छी फसल से मुद्रास्फीति में कमी। अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाए जाने से 2026 में भारत के निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

भारत के कुल निर्यात में अमेरिकी बाजार का हिस्सा लगभग 18 प्रतिशत है। हालांकि, निर्यात बाजारों का यूरोपीय संघ और पश्चिम एशिया की ओर विविधीकरण हुआ है और सेवाओं का निर्यात सबसे मजबूत बना हुआ है। यूएन डीईएसए के अनुसार दक्षिण एशिया की औसत वृद्धि दर 5.6 प्रतिशत रहेगी, जिसमें भारत का योगदान सबसे अधिक होगा। वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 2.8 प्रतिशत, 2026 में 2.7 प्रतिशत और 2027 में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। महामारी से पहले के औसत 3.2 प्रतिशत की तुलना में यह कम है।

# एचडीएफसी बैंक ने एमसीएलआर में मामूली कटौती की

**मुंबई ।**

देश के सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफी बैंक ने अपनी मो र्जिनल कॉस्ट आफ फंड्स बेस्ड लें डिंग रेट (एमसीएलआर) में 5 बेसिस पॉइंट तक की कटौती की है। यह बदलाव 7 जनवरी 2026 से लागू हो चुका है। ओवरनाइट और 1 महीने की एमसीएलआर अब 8.25 फीसदी हो गई है, जबकि 3 महीने की दर 8.30 फीसदी पर आ गई है। 6 महीने की एमसीएलआर में कोई बदलाव नहीं हुआ और यह 8.40 फीसदी पर स्थिर है। 1 साल की दर 8.40 फीसदी हो गई है, जबकि 2 साल और 3 साल की एमसीएलआर क्रमशः 8.50 फीसदी और 8.55 फीसदी पर स्थिर रही। एमसीएलआर वह न्यूनतम ब्याज दर है जिस पर बैंक किसी लोन को प्रदान करती है। इसे आरबीआई ने 2016 में लागू किया था ताकि ब्याज दरों में पारदर्शिता बनी रहे। एचडीएफसी बैंक की वर्तमान बेस रेट 8.90 फीसदी है और बीपीएलआर 17.40 फीसदी पर लागू है। इस कटौती से एमसीएलआर से जुड़े लोन लेने वाले ग्राहकों को खासकर छोटे टेन्योर के लोन पर हल्की राहत मिलेगी।



# रुपया गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 27 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.17 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया सात पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.97 पर बंद हुआ था। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से घरेलू मुद्रा दबाव में रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के शुल्क बढ़ाने की चिंताओं और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी ने विदेशी निवेशकों द्वारा शेयर की बिकवाली को बढ़ावा दिया जिससे स्थानीय मुद्रा पर और दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.88 पर खुला। हालांकि बाद में फिसलकर 89.97 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट दिखाता है। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख के कारण रुपया गुरुवार को तीन पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.90 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 98.93 पर स्थिर रहा।

# दिसंबर में म्यूचुअल फंड निवेश घटकर पहुंचा 28,054 करोड़

**- गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेशक दिखा रहे हैं विशेष रुचि**




**नई दिल्ली ।** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश घटकर 28,054 करोड़ रुपये रह गया, जो नवंबर के 29,911 करोड़ रुपये से लगभग 6 फीसदी कम है। हालांकि यह अक्टूबर के 24,690 करोड़ रुपये से अधिक है। फ्लेक्सी-कैप फंड सबसे लोकप्रिय विकल्प बने रहे, जिसमें 10,019 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इसके बाद मिड-कैप फंड में 4,176 करोड़ रुपये, लार्ज एवं मिड-कैप फंड में 4,094 करोड़ रुपये और स्मॉल-कैप फंड में 3,824 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। वहीं ईएलएसएस और लाभांश प्रतिफल फंड में क्रमशः 718 करोड़ और 254 करोड़ रुपये की निकासी हुई। म्यूचुअल फंड उद्योग के समग्र परिसंपत्ति आधार (एयूएम) में नवंबर के 80.80 लाख करोड़ रुपये से घटकर दिसंबर में 80.23 लाख करोड़ रुपये रह गया। इसमें मुख्य कारण ऋण योजनाओं से हुई भारी निकासी है। दिसंबर में ऋण फंड से 1.32 लाख करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई, जबकि नवंबर में यह 25,692 करोड़ रुपये थी। गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेशक विशेष रुचि दिखा रहे हैं। दिसंबर में गोल्ड ईटीएफ में शुद्ध निवेश 11,647 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो नवंबर के 3,742 करोड़ रुपये और अक्टूबर के 7,743 करोड़ रुपये से काफी अधिक है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 604, निफ्टी 193 अंक नीचे आया**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 604.72 अंक की गिरावट के साथ 83,576.24 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 193.55 अंक की गिरावट के साथ 25,683.30 अंक के आस-पास बंद हुआ।बाजार जानकारों के अनुसार आने वाली तीसरी तिमाही की आय को लेकर अनिश्चितता से निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। ऐसे मे निवेशक इस बात पर बारीकी से नजर रख रहे हैं कि बड़ी कंपनियां कैसा प्रदर्शन करती हैं। इस बड़ी गिरावट के कारण बीएसई के मिड-कैप और स्मॉल-कैप इंडेके स में गिरावट दर्ज की गई। यह बिकवाली मुख्य रूप से रूस से तेल आयात करने वाले देशों के खिलाफ अमेरिकी व्यापारिक कार्रवाइयों में बढ़े दबाव के कारण हुई है।

बीएसई के मार्केट कैप के आधार पर मापी गई निवेशक संपत्ति पिछले सत्र के 472.25 लाख करोड़ रुपये से घटकर 467.87 लाख करोड़ रुपये रह गई, जिसमें 4.38 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। पिछले पांच सत्रों में यह आंकड़ा 13.37 लाख करोड़ रुपये कम हुआ है।




इससे पहले आज सुबह बाजार ने सीमित बढ़त के साथ शुरुआत की। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में कमजोरी के साथ 84,022 अंक पर खुला। वहीं निफ्टी भी गिरावट के साथ 25,840 अंक पर खुला। कारोबार की शुरुआत में निफ्टी 25,900 के स्तर के ऊपर गया, लेकिन बाद में दबाव में आ गया। आईटी और एनर्जी शेयरों में सीमित खरीदारी देखने को मिली, जबकि कुछ बैंकिंग और मेटल शेयरों में मुनाफावसूली का दबाव रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में मजबूती से बाजार को सहारा मिला, लेकिन व्यापक बाजार में निवेशकों का उत्साह सीमित दिखा। विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का फैसला वैश्विक व्यापार और बाजारों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। इसी वजह से घरेलू बाजार में फिलहाल सतर्कता का माहौल है और निवेशक बड़े दांव लगाने से बचते नजर आ रहे हैं।

# कीस्टोन रियल्टर्स की 9 महीने की बिक्री में 23 फीसदी बढ़ी

**- पिछले साल की समान तिमाही में 863 करोड़की बिक्री की तुलना में 3 फीसदी कम**

**मुंबई ।** रियल एस्टेट डेवलपर कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बिक्री बुकिंग 837 करोड़ रुपए दर्ज की। यह पिछले साल की समान तिमाही में 863 करोड़ रुपए की बिक्री की तुलना में 3 फीसदी कम है। कंपनी ने इस मामूली गिरावट को ÷मजबूत प्रदर्शन की तिमाही÷ के रूप में बताया है। कंपनी ने अप्रैल-दिसंबर 2025 के पहले नौ महीनों में बिक्री बुकिंग 2,676 करोड़ रुपए की, जो पिछले वर्ष की 2,174 करोड़ रुपए की बिक्री से 23 फीसदी अधिक है। इससे पता चलता है कि वर्ष की शुरुआत से ही कंपनी की परिचालन गति मजबूत रही। कीस्टोन रियल्टर्स के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि कंपनी का व्यापार मॉडल मजबूत है और अनुशासित क्रियान्वयन से निरंतर वृद्धि बनी हुई है। उन्होंने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही को कंपनी की क्षमता और स्थिरता का प्रमाण बताया। कीस्टोन रियल्टर्स रुस्तमजी ब्रांड के तहत संपत्तियों की बिक्री करती है और मुंबई महानगर क्षेत्र में कई आवासीय परियोजनाओं का विकास कर चुकी है। यह देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में शामिल है।

# लेनोवो भारत को एआई सर्वर का वैश्विक निर्यात केंद्र बनाएगी

**- बेंगलुरु विकास प्रयोगशाला का उपयोग कर एआई सर्वर सिस्टम डिजाइन करेगी**

**लास वेगास ।**

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी लेनोवो भारत में अपने बेंगलुरु विकास प्रयोगशाला का उपयोग कर एआई सर्वर सिस्टम डिजाइन करेगी। इसके बाद इन सर्वरों का निर्माण पांडिचेरी संयंत्र में होगा, जो घरेलू उपयोग और वैश्विक निर्यात दोनों के लिए काम करेगा। कंपनी ने बताया कि वह सिंगल और टू-सॉकेट सिस्टम भारत में ही तैयार करेगी और भविष्य में इन्हें एआई के मुख्य आधार के रूप में देखा जाएगा। लेनोवो का कहना है कि भारत में मोबाइल और पीसी का सफल विनिर्माण पहले से हो चुका है। इसी अनुभव के आधार पर कंपनी भविष्य में भारत से सर्वर बनाकर दुनिया भर में निर्यात करेगी। लेनोवो भारत को आईटी हार्डवेयर उत्पादन प्रोत्साहन योजना (17,000 करोड़ रुपए) के तहत लाभार्थी कंपनियों में से एक चुना गया है। कंपनी भारतीय सरकार की सॉवरेन एआई नीति की सराहना करती है।




पारंपरिक एयर कूलिंग की तुलना में लेनोवो की लिक्विड कूलिंग प्रौद्योगिकी (नेपच्यून) ऊर्जा खपत को लगभग 40 फीसदी तक कम करती है और अपशिष्ट ऊष्मा का पुनर्चक्रण संभव बनाती है।

# एआई और बढ़ती प्रतिस्पर्धा से पेशेवरों की नई नौकरी पाने की चुनौती बढ़ी

**नई दिल्ली ।**

देशभर के पेशेवरों में 84 फीसदी नई नौकरी पाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। हाल ही में किए गए एक शोध के मुता बिक 72 फीसदी का कहना है कि वे 2026 में सक्रिय रूप से नई भूमिका की तलाश में हैं, लेकिन 76 फीसदी का मानना है कि पिछले एक साल में कंपनी बदलना बेहद मुश्किल हो गया है। डेटा दिखाता है कि खुली भूमिकाओं पर आवेदकों की संख्या 2022 की तुलना में दोगुनी हो गई है। एआई-संचालित भर्ती प्रक्रियाओं के चलते कई पेशेवर स्वयं को पर्याप्त तैयार महसूस नहीं कर पा रहे हैं, जिससे आत्मविश्वास में कमी आई है। लगभग 74 फीसदी भारतीय भर्तीकर्ता पिछले साल योग्य प्रतिभा ढूंढने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। हालांकि 87 फीसदी लोग काम पर एआई के उपयोग में सहज हैं, फिर भी सही उम्मीदवार चुनना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि पेशेवरों को डिजिटल कौशल सुधारना, नेटवर्किंग बढ़ाना और द्ध-संचालित भर्ती प्रक्रियाओं की तैयारी करनी चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य और मेंटरशिप कार्यक्रम भी आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

# खदान परिचालन की समयसीमा घटा सकती है सरकार

**- खान मंत्रालय ने 3 साल से घटाकर 2 साल करने का रखा प्रस्ताव**

**नई दिल्ली ।** खान मंत्रालय ने कंपनियों के लिए नई नीलाम की गई खदानों को चालू करने की समयसीमा मौजूदा 3 साल से घटाकर 2 साल करने का प्रस्ताव रखा है। इसके साथ ही मंत्रालय ने राज्य सरकारों को दिए जाने वाले एक साल के विस्तार को हटाने का सुझाव दिया है। एमएमडीआर अधिनियम की धारा 4ए(4) के तहत अगर खनन पट्टा मिलने के 2 साल के भीतर उत्पादन और प्रेषण शुरू नहीं होता है, तो खनन पट्टा स्वतः समाप्त हो जाता है। प्रस्तावित संशोधन के लागू होने के बाद यह समयसीमा और भी सख्त हो जाएगी। मंत्रालय ने हाल ही में जारी अधिसूचना में कहा कि प्रौद्योगिकी, ऑटोमेशन, डिजिटल प्रक्रियाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार के कारण खदान चालू करने में लगने वाला समय कम हो गया है। मंत्रालय ने एमएमडीआर (संशोधन) विधेयक, 2026 के लिए व्यापक परामर्श के हिस्से के रूप में 22 जनवरी तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल्स इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रस्ताव में पट्टा मिलने के बाद मंजूरी और कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलताएं नजरअंदाज की गई हैं।

## सोशल मीडिया सिर्फ प्रमोशन का जरिया नहीं, समाज में सकारात्मकता फैलाने का भी प्लेटफॉर्म : अदा शर्मा



अभिनेत्री अदा शर्मा सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं और अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट कर प्रशंसकों के साथ जुड़ी रहती हैं। खास बात है कि वह इस प्लेटफॉर्म को केवल अपनी फिल्मों के प्रमोशन का जरिया नहीं मानतीं। उनके लिए यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां वह लोगों को प्रेरित कर सकती हैं, जागरूकता फैला सकती हैं और दूसरों की जिंदगी में खुशी ला सकती हैं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में अदा ने सोशल मीडिया पर अपनी राय साझा की। अदा से जब पूछा गया कि आज के समय में वह सोशल मीडिया को कितना महत्व देती हैं तो उन्होंने बताया, " मेरे लिए सोशल मीडिया का मतलब सिर्फ फिल्मों या प्रोजेक्ट्स का प्रमोशन नहीं है। यह एक एक ऐसी जगह है, जहां कई सकारात्मक काम किए जा सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, मैं हाथियों के कल्याण के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर्स के साथ मिलकर काम करती हूं।" अदा ने सोशल मीडिया के महत्व पर एक उदाहरण देते हुए बताया, "हाथी बाहर से बहुत बड़े और मजबूत लगते हैं, लेकिन जब इंसान उन्हें कैद में रखते हैं, जैसे सर्कस में, तो उनकी हालत बहुत बुरी हो जाती है। सर्कस में हाथियों की पीठ पर भारी वजन रखा जाता है, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी टूट जाती है। उन्हें पीटा जाता है और वे दर्द में भी चुप रहते हैं क्योंकि बोल नहीं सकते। मैंने कई वीडियो पोस्ट किए, जिसे देखकर कई लोगों ने बताया कि उन्हें पहले नहीं पता था कि हाथी की सवारी करना गलत है। सर्कस में हाथियों की स्थिति देखकर दिल टूट जाता है। इतने बड़े जानवर को इंसान घुटनों के बल ला देते हैं। मैं सोशल मीडिया के जरिए ऐसी चीजों को उजागर करती हूं।" उन्होंने बताया, " इसके अलावा, मैं स्ट्रीट डॉग्स के एडॉप्शन को बढ़ावा देने और प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करने की भी अपील सोशल मीडिया के जरिए करती हूं। इसके परिणाम काफी सकारात्मक रहे हैं। मैं शाकाहारी हूं और अपने नाश्ते या खाने की तस्वीरें डालती हूं, सच बताऊं तो इससे कई लोग प्रेरित होकर शाकाहारी बन चुके हैं। शाकाहारी भोजन में भी भरपूर प्रोटीन होता है। इससे मांसपेशियां, ताकत, स्टैमिना, सुंदरता, अच्छी त्वचा और बाल सब कुछ मिल सकता है। लोग गलत समझते हैं कि मजबूत बनने के लिए केवल मांसाहार जरूरी है।" इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री के 10 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। इसलिए अदा मानती हैं कि उन्हें भी कुछ वापस देना चाहिए। सोशल मीडिया के जरिए वह यही करती हैं। अदा ने बताया, "आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई तनाव में है। अगर एक वीडियो या पोस्ट से किसी के चेहरे पर मुस्कान आ जाए या किसी का दिन अच्छा बन जाए, तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## 'मूड रखो अच्छा, फ्रिक को कहो अलविदा', ऋतिक रोशन ने फिटनेस से मचाया धमाल



बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन हमेशा से अपनी अदाकारी और फिटनेस को लेकर चर्चा में रहते हैं। वह सोशल मीडिया के जरिए फैंस से जुड़े रहते हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक बीटीएस वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह अपने एब्स को फ्लॉन्ट करते हुए दिख रहे हैं। ऋतिक ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, "मूड रखो अच्छा, टेंशन को कहो अलविदा।" इसके अलावा, वीडियो के बैकग्राउंड में उन्होंने 1972 की फिल्म 'जवानी दीवानी' का लोकप्रिय गाना 'सामने ये कौन आया' का इस्तेमाल किया। यह गाना उस दौर का आइकॉनिक सॉन्ग है। ऋतिक रोशन इन दिनों ओटीटी डेब्यू को लेकर काफी चचाओं में हैं। वह प्रोड्यूसर के तौर पर एक थ्रिलर प्रोजेक्ट 'स्टॉर्म' लेकर आ रहे हैं। इस शो का निर्माण प्राइम वीडियो के सहयोग से हो रहा है। फैंस इस नई थ्रिलर को लेकर उत्साहित हैं। इस सीरीज को अजितपाल सिंह डायरेक्ट कर रहे हैं। अजितपाल सिंह पहले वेब सीरीज 'टब्बर' और 'फायर इन द माउंटेंस' जैसी फिल्मों को निर्देशित कर चुके हैं। इसके अलावा, ऋतिक जल्द ही 'कृष 4' में डायरेक्शन और एक्टिंग दोनों करेंगे। इस फ्रेंचाइजी की सबसे पहली फिल्म साल 2003 में 'कोई... मिल गया' आई थी। इसमें ऋतिक के साथ प्रीति जिंटा और रेखा समेत कई सितारे नजर आए। इसका निर्देशन राकेश रोशन ने किया था। फिल्म को जबरदस्त सफलता मिली। इसके बाद राकेश रोशन ने साल 2006 में फिल्म 'कृष' को रिलीज किया। इसमें ऋतिक के साथ प्रियंका चोपड़ा, नसीरुद्दीन शाह, शरत सक्सेना और मानिनी मिश्रा भी थे। इस फिल्म के भी सुपरहिट होने के बाद 2013 में 'कृष 3' रिलीज हुई। इसे भी राकेश रोशन ने ही प्रोड्यूस किया। इसमें विवेक ओबेरॉय और कंगना रनौत शामिल हुए। राकेश रोशन ने एक इंटरव्यू में 'कृष 4' की रिलीज डेट को लेकर बयान जारी किया था। उन्होंने कहा, "फिल्म पर काम तेजी के साथ चल रहा है। हम 2027 में फिल्म रिलीज की प्लानिंग कर रहे हैं।"

## परख मदन के लिए मुश्किल था लंबी बीमारी के बाद काम पर लौटना

### बताया मुख्य भूमिकाएं छोड़कर क्यों चुनने पड़े साइड रोल



जीटीवी के पॉपुलर सीरियल 'भाग्य लक्ष्मी' में आंचल के रोल से सबका दिल जीतने वाली परख मदन दो दशकों से अधिक से टीवी पर सक्रिय हैं। अभिनेत्री ने टीवी जगत में आए बदलाव और अपने करियर के बारे में आईएएनएस से खुलकर बात की है। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि बीमारी के बाद वापस टीवी जगत में लौट पाना कितना चुनौतीपूर्ण रहा था। सवालः आपने अपने साक्षात्कारों में अक्सर कहा है कि आपने टेलीविजन उद्योग में एक बड़ा बदलाव देखा है। जब आपने शुरूआत की थी, तब की तुलना में आज का टेलीविजन कितना बदल गया है? जवाबः जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मुझे अपने सफर की शुरूआत किए लगभग दो दशक हो चुके हैं। यह सफर हमेशा निरंतर नहीं रहा। ऐसे दौर भी आए जब मैं बहुत सक्रिय थी और ऐसे समय भी आए जब मैंने कुछ समय के लिए काम से ब्रेक लिया। हालांकि, उद्योग में बहुत बड़ा बदलाव आया है। पहले टेलीविजन में, प्रोडक्शन हाउस उतने संगठित नहीं थे जितने आज हैं। आज हम जो सिस्टम, विभागों के बीच समन्वय, निर्धारित भूमिकाएं और पेशेवर रवैया देखते हैं, वे उस समय मौजूद नहीं थे। मेरे विचार से, मनोरंजन उद्योग में आए सबसे बड़े बदलावों में से एक यही है। उस समय, सीमित चैनल थे और कोई स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नहीं थे। आज, अनगिनत प्लेटफॉर्म और अवसर हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा और अवसर दोनों में वृद्धि हुई है। सवालः आपने इतने सालों में कई तरह के किरदार निभाए हैं। क्या आपके करियर में कोई ऐसा मोड़ आया जिसने एक एक्ट्रेस के रूप में आपकी सोच को बदल दिया? जवाबः हां बिल्कुल, लंबे समय तक मैंने यह ठान लिया था कि मैं केवल मुख्य भूमिकाएं ही निभाऊंगी।

## सामंथा की नई तेलुगु फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज, एक्शन अंदाज में दिखी



साउथ एक्ट्रेस सामंथा की आने वाली तेलुगु फिल्म 'मां इनति बंगारम' है। इस फिल्म को उनके पति और प्रोड्यूसर राज निदिमोरु ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म की निर्देशक नंदिनी रेड्डी हैं। बुधवार को सामंथा की इस फिल्म का पहला पोस्टर लुक सामने आया है। साड़ी पहने एक्शन अंदाज में दिखीं सामंथा तेलुगु फिल्म 'मां इनति बंगारम' के पोस्टर में सामंथा ने साड़ी पहनी है। उनका किरदार गुस्से में नजर आ रहा है। वह बिल्कुल एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस के इस लुक पर उनके फैंस ने भी रिएक्शन दिया और उनको सराहा है। कब रिलीज होगा फिल्म का टीजर फिल्म 'मां इनति बंगारम' के पोस्टर रिलीज के साथ ही मेकर्स ने इसके टीजर, ट्रेलर की तारीख भी शेयर की है। इस फिल्म का टीजर दर्शकों को 9 जनवरी 2026 को देखने को मिलेगा। इसके रिलीज का समय भी बताया गया है। 9 जनवरी को सुबह दस बजे फिल्म 'मां इनति बंगारम' का टीजर सामंथा के फैंस देख पाएंगे। सामंथा इस वेब सीरीज में भी आएंगी नजर 'सिटाडेल हनी बनी' और 'फैमिली मैन 2' जैसी हिट वेब सीरीज करने के बाद सामंथा एक और वेब सीरीज का हिस्सा बनी हैं। इस वेब सीरीज को भी राज निदिमोरु प्रोड्यूस कर रहे हैं। सीरीज का नाम 'रक्त ब्रह्मांड' है। यह एक एक्शन सीरीज होगी।

## यश राज फिल्म्स ने 'धुरंधर' को बताया भारतीय सिनेमा के 'मील का पत्थर', भावुक हुए रणवीर



आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का बॉक्स ऑफिस पर धमाल जारी है। चाहे आम जनता हो या फिल्मी सितारे, हर कोई फिल्म की तारीफ कर रहा है। इसी कड़ी में यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर न केवल फिल्म को शानदार, बल्कि भारतीय सिनेमा के मील का पत्थर बताया। देश में 700 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी 'धुरंधर' की यश राज फिल्म्स ने खूब तारीफ की है। कंपनी ने इसे भारतीय सिनेमा का एक यादगार मील का पत्थर बताया और निर्देशक आदित्य धर तथा जियो स्टूडियोज को बधाई दी। यश राज फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, " 'धुरंधर' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी भाषा की भारतीय फिल्म बन गई है। यह एक फिल्म नहीं है... यह भारतीय सिनेमा के मील का पत्थर है, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।ह्व कंपनी ने आदित्य धर और जियो स्टूडियोज को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। आदित्य धर की तारीफ करते हुए लिखा, "जहाज के कप्तान की तरह आदित्य ने अपने मकसद की साफगोई दिखाई, बिना डरे कहानी सुनाने का साहस दिखाया और बेहतरीन काम करने का पक्का इरादा रखा। इससे भारतीय सिनेमा के लिए एक नया मानक स्थापित हुआ है। फिल्म के हर कलाकार और तकनीशियन को धन्यवाद।" कंपनी ने लिखा, ह्लहमें ऐसा सिनेमा देने के लिए धन्यवाद जो हमें रचनात्मक उत्कृष्टता की खोज में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। असली धुरंधर वही लोग हैं जिन्होंने फिल्म के विचार को बड़े पर्दे पर इतने जोरदार और शानदार तरीके से प्रस्तुत किया।" इस पोस्ट पर अभिनेता रणवीर सिंह ने भावुक प्रतिक्रिया दी।

## 'लक्ष्मी निवास' में अपने किरदार को लेकर अक्षिता मुदगल ने कहा

### इतना सरल और जमीन से जुड़ा किरदार निभाना अपने आप में खास एहसास



जी टीवी का आने वाला फैमिली ड्रामा 'लक्ष्मी निवास' टेलीविजन पर एक ऐसी कहानी लेकर आ रहा है, जो देश के मिडिल क्लास संयुक्त परिवारों की रोजमर्रा की सच्चाइयों से गहराई से जुड़ी है। सपनों, जिम्मेदारियों और साथ निभाने की भावना के बीच बुना गया यह शो उन उम्मीदों को सामने रखता है, जो बड़ी खामोशी से कई घरों की ज़िंदगी को दिशा देती हैं, खासकर अपना घर बनाने का सपना और बच्चों का भविष्य सुरक्षित देखने की चाह।इस भावनात्मक सफर में एक नई परत जोड़ते हुए 'लक्ष्मी निवास' में अक्षिता मुदगल राधिका के किरदार में नजर आएंगी, जो लक्ष्मी और श्रीनिवास की बड़ी बेटी हैं। अपने किरदार को लेकर बात करते हुए अक्षिता मुदगल कहती हैं, 'राधिका एक ऐसी लड़की है, जो अपनी ज़िंदगी अपने माता-पिता और अपने परिवार के लिए जीती है। उसे अपने भाई-बहनों से बहुत लगाव है और उसके लिए परिवार ही उसकी पूरी दुनिया है। उसके सपने भी अपने माता-पिता की खुशियों से जुड़े हुए हैं। अगर वे चाहते हैं कि वो शादी करे और खुश रहे, तो वो उनके लिए यह करने को तैयार है। यही उसकी असली मजबूती है। वो समझदार है, शांत है और टकराव के हालात में भी परिवार की अहमियत समझती है। राधिका बहुत सरल और जमीन से जुड़ी हुई है। वो असल ज़िंदगी में मुझसे काफी अलग है, लेकिन उसके किरदार की दुनिया में उतरना मुझे सच में अच्छा लग रहा है।'

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in